आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,सोमवार 9 फरवरी 2026 ■ फाल्गुन कृष्ण पक्ष-8 ■ वर्ष -41 ■ अंक-309 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 10 फरवरी 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये



# रोजगार एवं आवास दिवस पर विकसित भारत जी राम जी योजना एवं क्यूआर कोड के उपयोग की जानकारी ग्रामीणों को दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,9 फरवरी।** कबीरधाम जिले के 437 ग्राम पंचायतो में चल रहे निर्माण कार्यों में लगे 55599 ग्रामीणों को विकसित भारत गारंटी फ़ॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण अंतर्गत उनके रोजगार के अधिकार सुरक्षित होने, समय पर मजदूरी भुगतान मिलने, ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास,आजीविका डबरी के फायदे सहित ग्रामीणों को होने वाले लाभ के विषय में रोजगार एवं आवास दिवस के अवसर पर संवाद स्थापित कर जानकारी दी गई। वनांचल ग्राम पंचायत सेंदुरखार,महीडबरा,पोलमी पंडरीपानी, भेलकी, छुही, अमनआरा, बाकी,खड़ौदाखुर्द से लेकर सूरजपुरा जंगल, दानीघटोली लाखाटोला, सिल्हाटी,धर्मगढ़ एवं तालपुर सहित जिले के सभी 471 ग्राम पंचायतो में रोजगार दिवस का आयोजन कर 1 अप्रैल 2026 से




प्रत्येक पंजीकृत परिवारों को 100 के बजाय 125 दोनों का रोजगार, एक सप्ताह अथवा अधिकतम 15 दिवस के भीतर मजदूरी भुगतान होने तथा समय पर मजदूरी भुगतान नहीं मिलने पर बेरोजगारी भत्ता, ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले अधोसंरचना विकास, ग्राम सभा द्वारा पंचायत के कार्यों का चयन, क्यूआर कोड का उपयोग करने और प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से उनके आवास निर्माण पर चर्चा कर योजना की जानकारी दी गई।इस संबंध में चर्चा करते हुए कलेक्टर कबीरधाम श्री गोपाल वर्मा ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष की समाप्ति के बाद 1 अप्रैल 2026 से मनरेगा के स्थान पर विकसित भारत जी राम जी योजना प्रतिस्थापित हो जाएगा। नई योजना में ग्रामीणों को पहले की अपेक्षा और अधिक अधिकार संपन्न बनाते हुए समय पर भुगतान सुनिश्चित किया गया है। प्रत्येक माह की 7 तारीख को चावल महोत्सव के साथ रोजगार एवं आवास दिवस का आयोजन जिले के सभी ग्राम पंचायतो में किया जाता है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम श्री विनय कुमार पोयाम ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में आज की स्थिति में महात्मा गांधी नरेगा योजना से 55599 ग्रामीणों को रोजगार मिल रहा है। देने के मामले में कबीरधाम जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर बना हुआ है तथा जिले के 437 ग्राम पंचायतो मे 3820 कार्य प्रगति पर है।कार्यस्थलों में ग्रामीण जब अपना कार्य पूरा कर लेते हैं तब उनसे शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों और नई योजरोजगारना के बारे में पूरी जानकारी दी जा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों को अन्य विभागीय योजना के अभिसरण से मिलने वाले लाभ जिसमें प्रमुख रूप से खाद्यान्न सहायता हेतु राशन कार्ड, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान कार्ड स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय की व्यवस्था एवं आजीविका संवर्धन के लिए पशु शेड, मुर्गी पालन शेड, आजीविका डबरी सहित अन्य कार्यों पर व्यापक जानकारी और सभी अधिकारों के विषय में ज्ञानवर्धन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जिला के सभी मैदानी स्तर के अधिकारी एवं कर्मचारियों की सहभागिता से रोजगार दिवस और आवास दिवस का आयोजन महात्मा गांधी नरेगा के कार्यस्थल, प्रधानमंत्री आवास के निर्माण स्थल एवं ग्राम पंचायत स्तर पर किया गया है। प्रदेश में वीबी जी राम जी अधिनियम 2025 के जन जागरूकता, आवास निर्माण, योजना में जवाबदेही और पारदर्शिता हेतु नवाचार क्यूआर कोड स्कैन,आजीविका डबरी निर्माण के लिए प्रोत्साहन की दृष्टि से यहां आयोजन बहुत महत्वपूर्ण है।

# चोरी के मामले में 6 लोग किए गए गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 9 फरवरी।** दुर्ग पुलिस ने एक ऐसे गिरोह को पकड़ा है जो मठ पुरैना रायपुर में इडली-डोसा बेचने का कार्य करते हैं तथा सुनसान मकानों की रेकी कर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे पांच थाना क्षेत्रों में हुई 7 लाख रुपए से अधिक की 8 चोरियों का पुलिस ने खुलासा कर 6 आरोपियों को दबोचा है पुलिस ने गिरोह के सरगना को सीसीटीवी कैमरों एवं मोबाइल लोकेशन से रायपुर से गिरफ्तार करने पर बड़ा खुलासा हुआ है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण ) मणिशंकर चन्द्रा ने पत्रवार्ता में बताया कि 8 फरवरी को दुर्ग पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में संयुक्त टीम गठित कर नाकाबंदी एवं संदिग्धों की चेकिंग की। कार्रवाई के दौरान तकनीकी साक्ष्य, मुखबीर सूचना एवं पूर्व प्रकरणों के

विश्लेषण के आधार पूछताछ की गई। इनमें अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दर्ज चोरी प्रकरणों में सीसीटीवी कैमरों के फुटेज एवं मोबाइल लोकेशन के आधार पर मठ पुरैना रायपुर क्षेत्र से घेराबंदी कर मनीष अमोरिया 25 साल ), जितेन्द्र गायकवाड़ (23 साल ), रवि साहू (23 साल ) सभी निवासी ग्राम लखौली, थाना सिटी कोतवाली, जिला राजनांदगांव है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( ग्रामीण ) ने बताया कि पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया गया

कि वे मठ पुरैना रायपुर में इडली डोसा बेचने का कार्य करते हैं तथा सुनसान मकानों की रेकी कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे प्रकरणों में धारा 331(3),305 बीएनएस के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए चोरी का माल बरामद किया गया वहीं चोरी का सामान खरीदने वाले धर्मेन्द्र साहू (33 साल ), उमेश उर्फ पिंटू सोनी (35 साल ) व प्रकाश सोनी (38 साल ) को भी गिरफ्तार किया है आरोपियों ने इन जगहों पर की थीं चोरियां पाटन एसडीओपी अनूप लकड़ा ने बताया कि 1 नवंबर 2025 को मनीष अपने भांजे की मोटर साइकिल पल्सर से तीनों आरोपी ग्राम अछोटी थाना नंदिनी गए, जहां एक सूने मकान से चांदी के सामान चोरी किए और दिसम्बर 2025 में ग्राम औसर, थाना रानीतराई के सूने मकान से सोने का गुलबंद, चांदी की बिछिया, पायल एवं नगदी 25,000 चोरी की। दिसम्बर 2025 में ग्राम गोडपेण्ड्री, थाना उतई एक्टिवा से जाकर सूने मकान से 2 नग सोने के लंकिट, सोने का गेहूं दाना, चांदी की पायल एवं 3,000 नगद चोरी की। 25 दिसंबर 2025 में ग्राम झीट, थाना अमलेश्वर में सोने का लॉकेट, चांदी की पायल एवं 2,300 नगद चोरी, ग्राम चंगोरी सोने की अंगूठी, चांदी की पायल एवं 5,000 नगद चोरी, ग्राम अरसनारा, थाना पाटन सोने का लॉकेट, सोने का गेहूं दाना एवं 12,000 नगद चोरी, ग्राम तर्रा (तालाब किनारे), थाना पाटन के सूने मकान से चांदी की पायल एवं 70,000 नगद चोरी और जनवरी 2026 में ग्राम बठेना, थाना पाटन रोड किनारे तीन सूने मकानों से सोने के टॉप्स एवं 19,000 नगद चोरी की थी

## एक नजर

### जांच में 9 चालक नशे में पाए गए




**भिलाई, 9 फरवरी।** भिलाई नशे में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाकर यातायात पुलिस ने शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर जांच की। जांच में एम्बुलेंस चालक समेत ब्रीथ एनालाइजर मशीन से 9 वाहन चालक नशे में पाए गए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( यातायात ) ऋचा मिश्रा ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण एवं आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नशे में वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया अभियान के दौरान जिले के प्रमुख चौक-चौराहों एवं मुख्य मार्गों पर शाम 7 बजे से देर रात्रि तक विशेष चेकिंग पाइंट लगाए गए। चेकिंग के दौरान चार पहिया वाहनों एवं मालवाहक वाहनों के चालकों की ब्रीथ एनालाइजर मशीन के माध्यम से जांच की गई। इसमें कुल 09 वाहन चालक नशे की अवस्था में वाहन चलाते हुए पाए गए। जांच के दौरान एक एम्बुलेंस वाहन का चालक भी शराब के नशे में वाहन चलाते हुए पाया गया जो कि अत्यंत गंभीर एवं चिंताजनक है। सभी वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 एवं अन्य सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

### जमीन,मकान बेचने के नाम पर धोखाधड़ी

**भिलाई, 9 फरवरी।** भिलाई छावनी थाना क्षेत्र के भूमि एवं मकान विक्रय के नाम पर 31 लाख रुपये की धोखाधड़ी की है। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 318 (4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है छावनी पुलिस ने बताया कि सुंदर नगर कोहका निवासी बुशरा कौसर (36 साल ) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी ज्ञानेन्द्र कुमार निवासी जलेबी चौक छावनी ने नगपुरा स्थित लगभग 2.5 एकड़ भूमि को अपना बताते हुए 31 मार्च 2021 को बिक्री इकरारनामा किया गया। इसके बाद आरोपी ने चेक, ऑनलाइन ट्रांजेक्शन एवं नगद माध्यम से कुल 31 लाख रुपये प्राप्त किए गए। पीड़िता ने बताया कि राशि प्राप्त करने के बावजूद आरोपी ने न तो उक्त भूमि की रजिस्ट्री कराई और न ही रकम वापस की इस के बाद आरोपी ने अपने नाम का बताते हुए प्रगति नगर, केम्प-01 स्थित एक मकान/मलबा का पुनः सौदा किया गया, जिसका इकरारनामा 29 अगस्त 2024 को निष्पादित हुआ। बाद में जांच करने पर यह सामने आया कि उक्त मकान भी आरोपी के स्वामित्व का नहीं है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने लगातार टालमटोल की और रकम मांगने पर गाली-गलौच, जान से मारने की धमकी एवं झूठे केस में फंसाने की धमकी दी जा रही है, जिससे वह मानसिक, शारीरिक और आर्थिक रूप से परेशान है मामले को गंभीरता से लेते हुए छावनी थाने पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज किया है पुलिस का कहना है कि प्रकरण से जुड़े दस्तावेजों एवं वित्तीय लेन-देन की जांच की जा रही है।

### सेक्टर-9 अस्पताल में व्यवस्था सुधार की मांग



**भिलाई, 08 फरवरी।** भिलाई इस्पात मजदूर संघ (बीएमएस) का एक प्रतिनिधिमंडल संघ के उपाध्यक्ष विनोद उपाध्याय के नेतृत्व में सेक्टर-9 अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर से मुलाकात कर अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार को लेकर सुझाव दिए। प्रतिनिधिमंडल ने अस्पताल में डॉक्टरों की संख्या बढ़ाने, विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा रेफरल मरीजों को हो रही परेशानियों की जानकारी दी, जिस पर प्रभारी चिकित्सक ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उपाध्यक्ष शारदा गुप्ता ने कहा कि आईसीयू के वेटिंग हाल में मरीजों के परिजनों के लिए बैठने और विश्राम की समुचित व्यवस्था नहीं है। परिजनों को मजबूरी में पत्थर पर सोना पड़ रहा है, ऐसे में आरामदायक कुर्सियों और सुलभ शौचालय की व्यवस्था की जानी चाहिए। उप महासचिव वशिष्ठ वर्मा ने कहा कि सेक्टर-9 अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ सहित अन्य विशेषज्ञ डॉक्टरों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए, ताकि भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों को निजी अस्पतालों या एम्स का रुख न करना पड़े। इससे कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान और समय की बर्बादी होती है। उन्होंने वरिष्ठ चिकित्सकों की सेवाएं बनाए रखने के लिए डॉक्टरों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने की भी मांग की।

### युवाओं की सक्रिय भागीदारी, आंदोलन की रीढ़ बनेगा संगठन

# कबीरधाम में सवर्ण एकजुटता का ऐलान, बनाया सवर्ण एकता मंच

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,9 फरवरी।** रविवार को कवर्धा में सवर्ण समाज की ऐतिहासिक सामूहिक बैठक ने जिले की सामाजिक राजनीति को नई दिशा दे दी। तेरह सवर्ण समाजों के जिलाध्यक्षों और समाज के सक्रिय सदस्यों की मौजूदगी में सर्वसम्मति से सवर्ण एकता मंच का गठन किया गया। बैठक में स्पष्ट संदेश दिया गया कि सवर्णों के अधिकारों पर किसी भी प्रकार का प्रहार स्वीकार नहीं किया जाएगा। शासन द्वारा लागू किए जा रहे यूजीसी से जुड़े प्रावधानों जैसे काले कानूनों के खिलाफ निर्णायक संघर्ष की रूपरेखा तय हुई, वहीं छत्तीसगढ़ में ईडब्लूएस आरक्षण को प्रभावी ढंग से लागू कराने पर भी एकजुट पहल का संकल्प लिया गया।बैठक में सैकड़ों की संख्या में समाजजन शामिल हुए। युवाओं की बढ़-चढ़कर भागीदारी ने मंच को नई ऊर्जा दी। वक्ताओं ने कहा कि यदि सरकार ने जनभावनाओं की अनदेखी की, तो सवर्ण एकता मंच के बैनर तले व्यापक और उग्र



आंदोलन छेड़ा जाएगा। सभी समाजों ने मंच में अपना भविष्य देखते हुए साझा संघर्ष की घोषणा की।

### सवर्ण एकता मंच का गठन साझा नेतृत्व की सहमति

बैठक के पहले सत्र में मंच की संरचना पर चर्चा हुई। तेरह समाजों के जिलाध्यक्षों ने सर्वसम्मति से मंच के गठन पर मुहर लगाई। निर्णय हुआ कि आगे की सभी गतिविधियां सामूहिक नेतृत्व और पारदर्शी निर्णय प्रक्रिया से संचालित होंगी। मंच का उद्देश्य सामाजिक एकता, संवैधानिक अधिकारों की रक्षा और युवाओं को संगठित करना तय किया गया।

सदस्यों ने कहा कि शिक्षा और अवसरों से जुड़े नियमों में सवर्णों के साथ भेदभाव बर्दाश्त नहीं होगा। मंच ने साफ किया कि यूजीसी से जुड़े ऐसे किसी भी कदम का शांतिपूर्ण लेकिन प्रभावी विरोध किया जाएगा, जो समाज के हितों के विपरीत हो। सरकार से मांग की गई कि संवाद के जरिए समाधान निकाला जाए, अन्यथा आंदोलन अपरिहार्य होगा।बैठक का अहम एजेंडा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षण को जमीन पर उतारना रहा। वक्ताओं ने कहा कि ईडब्लूएस का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचे, इसके लिए निगरानी तंत्र मजबूत करने और प्रशासनिक स्तर पर जवाबदेही तय करने की रणनीति बनाई गई।

कई युवा प्रतिनिधियों ने मंच से अपने विचार रखे। तय हुआ कि गांव-वार संपर्क अभियान चलाया जाएगा, डिजिटल माध्यमों से जागरूकता बढ़ाई जाएगी और प्रत्येक समाज से स्वयंसेवक तैयार किए जाएंगे। युवाओं को संगठन की रीढ़ मानते हुए प्रशिक्षण और संवाद कार्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव पारित हुआ।

### सरकार को चेतावनी, मांगें नहीं मानी गईं तो होगा उग्र आंदोलन

अंतिम सत्र में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित हुआ कि यदि शासन ने यूजीसी जैसे प्रावधानों पर पुनर्विचार नहीं किया और ईडब्लूएस आरक्षण को प्रभावी ढंग से लागू नहीं किया, तो सवर्ण एकता मंच चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगा। बैठक एक स्पष्ट संदेश के साथ संपन्न हुई एकता ही शक्ति है, और अधिकारों की रक्षा के लिए समाज एकजुट रहेगा। कुल मिलाकर इस बैठक ने सवर्ण समाज को साझा मंच पर लाकर भविष्य की लड़ाई का रोडमैप तय कर दिया है–जहां संवाद प्राथमिकता होगा, लेकिन जरूरत पड़ी तो आंदोलन भी।

# गर्भवती महिलाओं की 1 रुपये में सोनोग्राफी महाशिवरात्रि से होगी योजना की शुरुआत

**भिलाई, 9 फरवरी।** वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन द्वारा गर्भवती महिलाओं के लिए मात्र 1 रुपये में सोनोग्राफी की सुविधा का शुभारंभ 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर किया जाएगा। यह सुविधा विशेष रूप से वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के निवासियों के लिए ही लागू होगी। योजना के अंतर्गत जीरो रोड शांति नगर स्थित विधायक कार्यालय में अवकाश दिवस को छोड़कर प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 11 बजे तक टोकन वितरित किए जाएंगे। लाभार्थियों को आधार कार्ड और चिकित्सक द्वारा जारी रेफर पर्ची साथ लाना अनिवार्य होगा। दस्तावेजों के सत्यापन के बाद टोकन जारी किया जाएगा, जिसके माध्यम से मात्र 1 रुपये में सोनोग्राफी कराई जा सकेगी। विधायक रिकेश सेन ने बताया कि 15 फरवरी से ही मात्र 1 रुपये में डायलिसिस सुविधा भी शुरू की जाएगी। इसके अलावा 25 दिसंबर से प्रतिदिन 31 प्रकार के ब्लड टेस्ट निःशुल्क किए जा रहे हैं। क्षेत्र में पहले से ही 1 रुपये में एक्स-रे सुविधा संचालित है, जिसका सैकड़ों लोग लाभ ले चुके हैं। उन्होंने आगे जानकारी दी कि 2 अप्रैल से मात्र 1 रुपये में पावर वाला चश्मा उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 1 मई 2025 से विधायक कार्यालय से 1 रुपये किराए पर हेलमेट देने की योजना भी शुरू की गई है, जिससे हजारों लोग लाभान्वित हो रहे हैं।



# सृजन महोत्सव में गोविन्द पाल सहित अन्य साहित्यकारों का किया सम्मान

**भिलाई, 9 फरवरी।** संस्कृति एवं साहित्य शोध समिति बालाघाट के तत्वावधान में साहित्यकार अधिवेशन सृजन महोत्सव-2026 का आयोजन सांदीपनि विद्या निकेतन ऑडिटोरियम में किया गया। इस आयोजन में मुक्तस्वर साहित्य समिति से जुड़े कवि, कवयित्रियों एवं साहित्यकारों को उनकी उत्कृष्ट साहित्यिक रचनाओं एवं उपलब्धियों के लिए विभिन्न सम्मानों से सम्मानित किया गया। मुक्तस्वर साहित्य समिति के अध्यक्ष एवं अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ कवि गोविन्द पाल को उनके काव्य संग्रह एक नई सुबह का सूरज के लिए स्व. भगवंत रावजी आड़े स्मृति में काव्य कुमुदिनी



अलंकरण-2026 से सम्मानित किया गया। उन्हें सम्मान पत्र, प्रतीक चिन्ह, शाल, मोती की माला एवं सम्मान राशि भेंट कर अलंकृत किया गया। समिति के उप-सचिव एवं कवि शंकर भट्टाचार्य को अखिल भारतीय कविता प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ रचना चयनित होने पर स्व. श्रीमती माधुरी कर्महे स्मृति सम्मान प्रदान किया गया। वहीं मुक्तस्वर की उपाध्यक्ष कवयित्री शीशलता शालू, कोषाध्यक्ष संतोष जाटव जालौनी तथा संयोजक पं. वासुदेव भट्टाचार्य को हिंदी साहित्य रत्न उपाधि से सम्मानित किया गया। इसके अलावा मुक्तस्वर के उप-सचिव भूषण चिपड़े, वरिष्ठ लेखिका डॉ. शिरोमणि माथुर एवं डॉ. नीलकंठ देवांगन को भी हिंदी साहित्य रत्न उपाधि से अलंकृत किया गया, हालांकि वे विशेष कारणों से कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके। उनके सम्मान समिति पदाधिकारियों को सौंपे गए। इस अवसर पर चतुर्थ सृजन महोत्सव में पत्रिका स्पंदन-2026 का लोकार्पण भी किया गया, जिसमें सम्मानित साहित्यकारों की रचनाएं प्रकाशित की गईं। साथ ही मुक्तस्वर साहित्य समिति द्वारा प्रकाशित बाल साहित्य विशेषांक पत्रिका अतिथियों को भेंट की गई।

# गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत बाइक रैली निकाली



**भिलाई, 9 फरवरी।** गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने तथा गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर रविवार को बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली में सैकड़ों की संख्या में गौ प्रेमी, समाजसेवी, संत एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बाइक रैली दीपक ताराचंद साहू के निवास 32 बांग्ला से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुलगांव चौक पर समाप्त हुई। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने गौ हत्या बंद करो और गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करो जैसे नारों के साथ गौ संरक्षण का संदेश दिया। आयोजकों ने बताया कि गौ माता भारतीय संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग हैं और उन्हें राष्ट्र माता घोषित करना सांस्कृतिक मूल्यों के सम्मान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने कहा कि गौ हत्या एक गंभीर विषय है और इसे रोकने के लिए सख्त कानूनों की आवश्यकता है। रैली के समापन पर आयोजित सभा में गौ माता के संरक्षण और कल्याण के लिए संकल्प लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि समाज को एकजुट होकर गौ माता की रक्षा एवं सेवा के लिए आगे आना होगा, तभी आने वाली पीढ़ियों को हमारी सांस्कृतिक विरासत सुरक्षित रूप में मिल सकेगी।

# हरी झंडी दिखाकर निदेशक प्रभारी ने किया मैराथन का शुभारंभ

**भिलाई, 9 फरवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा रविवार को शहीद वीर नारायण सिंह जयंती स्टेडियम में भिलाई स्टील - हाफ मैराथन का शुभारंभ निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने हरी झंडी दिखाकर किया। कार्यक्रम में 21.09 किमी हाफ मैराथन, 10 किमी एवं 5 किमी दौड़ की तीन श्रेणियां शामिल थीं। हाफ मैराथन सुबह 6 बजे, 10 किमी दौड़ 6-30 बजे तथा 5 किमी दौड़ 6-45 बजे प्रारंभ हुई। सभी दौड़ें टाउनशिप के निर्धारित मार्गों से होकर पुनः स्टेडियम में समाप्त हुईं।

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगम, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक कमल भास्कर, कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार सहित संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारी




एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। अपने संबोधन में निदेशक प्रभारी महापात्र ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी फिट इंडिया अभियान को सशक्त बनाती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक धावक विजेता है क्योंकि उसने समाज को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया है। उन्होंने सभी नागरिकों से प्रतिदिन कम से कम एक घंटा अपने स्वास्थ्य के लिए समय देने का आह्वान किया। मैराथन में विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं को कुल 8 लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। सभी आयु वर्गों में शीर्ष 10 प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार, पदक एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# सुपेला से लापता तीन बालिकाएं बिलासपुर से सकुशल बरामद

**भिलाई, 9 फरवरी।** सुपेला थाना क्षेत्र अंतर्गत अर्जुन नगर कैंप-1 से लापता हुई तीन नाबालिग बालिकाओं को दुर्ग पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बिलासपुर जिले के उसलापुर से सकुशल बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार 06 फरवरी को सायं लगभग 4 बजे अर्जुन नगर कैंप-1 निवासी तीन बालिकाएं घर से बिना बताए चली गई थीं। परिजनों द्वारा 07 फरवरी को थाना सुपेला में सूचना दिए जाने पर गुमशुदगी का मामला अपराध क्रमांक 221/2026 एवं 222/2026 दर्ज कर विधिवत विवेचना शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर पुलिस अधीक्षक सत्य प्रकाश तिवारी एवं उप पुलिस अधीक्षक बालक विरुद्ध अपराध चित्रा वर्मा के नेतृत्व में चार अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। टीमों द्वारा सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, गवाहों से पूछताछ की गई तथा संभावित स्थानों पर लगातार खोजबीन की गई। साथ ही आरपीएफ, जीआरपी एवं चाइल्ड लाइन से समन्वय कर संयुक्त प्रयास किए गए। प्राप्त सूचनाओं के आधार पर रेलवे



पुलिस द्वारा तीनों बालिकाओं को उसलापुर, जिला बिलासपुर से सकुशल दस्तयाब किया गया। फिलहाल उन्हें नियमानुसार सुरक्षित चिल्ड्रन होम में रखा गया है। सूचना मिलने पर परिजन दुर्ग पुलिस के साथ बिलासपुर के लिए रवाना हो गए हैं। दुर्ग पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि बच्चों से संबंधित किसी भी असामान्य स्थिति या गुमशुदगी की सूचना तुरंत नजदीकी थाना या डायल 112 पर दें, जिससे समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

### लिव इन में रहने वाली महिला की संदेहास्पद मौत

**भिलाई, 9 फरवरी।** भट्ठी थाना अंतर्गत लिव इन रिलेशनशिप में रह रही एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत में हो गई वह लिव-इन पार्टनर के साथ शराब पी रही थी इस दौरान महिला के नाक से खून निकलने लगा हालत बिगड़ने पर बॉयफ्रेंड



उसे अस्पताल ले गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस मर्ग कायम कर तहकीकात कर रही है भट्ठी पुलिस ने बताया कि महिला राजिंदर कौर (35 साल ) था वह लिव-इन पार्टनर राजा नाथ (नाग) के सेक्टर-2, सड़क 2 में दो से तीन वर्ष से रह रही थी राजिंदर शादीशुदा थी और उसके दो बच्चे भी हैं, लेकिन वह पति को छोड़कर बॉयफ्रेंड के साथ रह रही थी 5 फरवरी की रात दोनों शराब पी रहे थे इस दौरान अचानक राजिंदर के नाक से ब्लड आने लगा किसी तरह उन्होंने ब्लड रोकने की कोशिश की, लेकिन बात नहीं बनी और राजिंदर की हालत बिगड़ने लगी इसके बाद राजा नाथ की मां राजिंदर को जिला अस्पताल दुर्ग लेकर पहुंची जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया मौत की पुष्टि हुई मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। बाद में शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया वहीं राजिंदर कौर की मौत पर परिजनों ने सवाल उठाए हैं उनका कहना है कि उन्हें घटना की जानकारी देर से दी गई ।परिजनों का कहना है कि राजिंदर कौर और राजा नाथ के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। उन्होंने आरोप लगाया कि जब भी राजिंदर घर आती थी, उसके शरीर पर चोट के निशान दिखाई देते थे ऐसे में परिवार को आशंका है कि उसकी हत्या की गई है।

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail: tarunpressraipur@gmail.com tarun_press@yahoo.co.in
Web: www.tarunchhattisgarh.in facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,सोमवार 9 फरवरी 2026 ■ फाल्गुन कृष्ण पक्ष-8 ■ वर्ष -41 ■ अंक-309 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 10 फरवरी 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये

## लोकसभा गुंडागर्दी की जगह नहीं

### कांग्रेस के हंगामे पर भड़के किरेन रिजिजू

**नई दिल्ली,9 फरवरी।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस पर 'गुंडागर्दी' का आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी ने लोकसभा में प्रधानमंत्री से कागजात छीनने की योजना बनाई थी। उन्होंने बताया कि इसी वजह से अध्यक्ष ओम बिरला को पीएम मोदी को सदन में न आने की सलाह देनी पड़ी, क्योंकि विपक्ष जानबूझकर कार्यवाही बाधित कर रहा है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार को लोकसभा की कार्यवाही बाधित करने के लिए कांग्रेस सांसदों की कड़ी आलोचना की। उन्होंने अध्यक्ष के कक्ष में अभद्र व्यवहार का आरोप लगाते हुए पार्टी पर जानबूझकर संसद की कार्यवाही को बाधित करने का आरोप लगाया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा प्रधानमंत्री को सुरक्षा संबंधी चेतावनी दिए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस सांसदों का आचरण अस्वीकार्य है। यह घटना बिरला द्वारा गुरुवार को दिए गए उस बयान के बाद हुई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि कुछ कांग्रेस सांसदों द्वारा प्रधानमंत्री की सीट के पास जाकर अभूतपूर्व घटना को अंजाम देने की सूचना मिलने के बाद उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सदन में उपस्थित न होने की सलाह दी थी ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। इस पर प्रतिक्रिया



देते हुए रिजिजू ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष के कक्ष में कांग्रेस सांसदों के व्यवहार की निंदा करने के लिए शब्द कम पड़ रहे हैं। जब कांग्रेस पार्टी के नेता का खुद पर कोई नियंत्रण नहीं है, तो अध्यक्ष ने जो किया वह सही है। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री के सदन में प्रवेश करते ही कांग्रेस ने हंगामा करने की योजना बनाई थी। रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस ने प्रधानमंत्री के सदन में आते ही उनसे कागजात छीनने की योजना बनाई थी। संसद गुंडागर्दी का स्थान नहीं है। लेकिन जब कांग्रेस सदन में आई, तो हमने संयम बरता। हर चीज की एक सीमा होती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार सदन को सुचारू रूप से चलाना चाहती है, लेकिन व्यवधान संसदीय कार्य में बाधा डाल रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा कि हम सदन चलाना चाहते हैं। अगर कांग्रेस सदन को चलने नहीं देना चाहती, तो अन्य सांसदों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। एक अलग बयान में, रिजिजू ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस लगातार व्यवधान के कारण नहीं हो सकी। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकसभा में कांग्रेस नेतृत्व जानबूझकर कार्यवाही में बाधा डाल रहा है। उन्होंने कहा कि लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस नहीं हो सकी। मुझे लगता है कि लोकसभा में कांग्रेस पार्टी के नेता सदन को चलने नहीं देना चाहते।



## अमित शाह ने देखा बस्तर की जनजातीय विरासत का वैभव, विजेता दलों से मिलकर बढ़ाया उत्साह

**जगदलपुर,9 फरवरी।** संभाग स्तरीय बस्तर पंडुम 2026 के समापन अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने लालबाग मैदान में आयोजित जनजातीय परंपराओं और संस्कृति पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण कर जनजातीय समाज के जीवन में उपयोग होने वाले उत्पादों, हस्तशिल्प और कलाओं की जानकारी ली। केंद्रीय गृह मंत्री ने ढोकरा शिल्प, टेराकोटा, वुड कार्विंग, सीसल कला, बांस व लौह शिल्प, जनजातीय वेशभूषा एवं आभूषण, तुम्बा कला, जनजातीय चित्रकला, वन औषधि, स्थानीय व्यंजन तथा लोक चित्रों पर आधारित प्रदर्शनी की सराहना की। उन्होंने



कहा कि बस्तर की संस्कृति भारत की आत्मा का जीवंत स्वरूप है। प्रदर्शनी में दंडामी माड़िया, अबूझमाड़िया, मुरिया, भतरा एवं हल्बा जनजातियों की पारंपरिक वेशभूषा और आभूषणों का प्रदर्शन किया गया। जनजातीय चित्रकला के माध्यम से आदिवासी जीवन, प्रकृति और परंपराओं की सजीव झलक प्रस्तुत की गई। वहीं, वैद्यराज द्वारा वन औषधियों का जीवंत प्रदर्शन भी किया गया। स्थानीय व्यंजन स्टॉल में जोंधरी लाई के लड्डू, मंडिया पेज, आमट, चापड़ा चटनी, कुलथी दाल, पान बोबो, तीखुर जैसे पारंपरिक व्यंजन तथा लांदा और सल्फी पेय पदार्थ प्रदर्शित किए गए। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि ''बस्तर पंडुम जनजातीय संस्कृति को सहेजने और अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। राज्य सरकार जनजातीय कला, शिल्प और परंपराओं के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।''इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री ने बस्तर पंडुम की बारह विधाओं की प्रतियोगिता में विजेता दलों से भेंट कर उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, वन मंत्री श्री केदार कश्यप, विधायक श्री किरण सिंह देव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### "बस्तर पंडुम 2026" संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता

1. जनजातीय नृत्य – गौर माड़िया नृत्य (बुधराम सोढ़ी, दंतेवाड़ा)
2. जनजातीय गीत – पालनार दल (मंगली एवं साथी, दंतेवाड़ा)
3. जनजातीय नाट्य – लेखम लखा (सुकमा)
4. जनजातीय वाद्ययंत्र – रजऊ मंडदी एवं साथी (कोण्डागांव)
5. जनजातीय वेशभूषा – गुंजन नाग (सुकमा)
6. जनजातीय आभूषण – सुदनी दुग्गा (नारायणपुर)
7. जनजातीय शिल्प – ओमप्रकाश गावड़े (कोया आर्ट्स, कांकेर)
8. जनजातीय चित्रकला – दीपक जुर्री (कांकेर)
9. जनजातीय पेय पदार्थ – भैरम बाबा समूह (उर्मीला प्रधान, बीजापुर)
10. जनजातीय व्यंजन – श्रीमती ताराबती (दंतेवाड़ा)
11. आंचलिक साहित्य – उत्तम नाईक (कोण्डागांव)
12. बस्तर वन औषधि – राजदेव बघेल (बस्तर)

## चलती बस में आग सभी यात्री सुरक्षित

**बलौदाबाजार,9फरवरी।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में सोमवार सुबह बड़ा हादसा टल गया। रायपुर जा रही एक यात्री बस में अचानक आग लग गई। बस में करीब 50 यात्री सवार थे, लेकिन ड्राइवर की तत्परता से सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, हालांकि बस पूरी तरह जलकर राख हो गई। जानकारी के अनुसार राजधानी ट्रेवल्स की बस सुबह करीब 8 बजे बलौदाबाजार से रायपुर के लिए रवाना हुई थी। सुबह करीब 9 बजे खरोरा थाना क्षेत्र के भैंसा गांव के पास बस के इंजन से धुआं निकलता दिखाई दिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और बस में तेजी से फैल गई। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए ड्राइवर ने तुरंत बस को सड़क किनारे रोका और सभी दरवाजे खोलकर यात्रियों को नीचे उतरने के लिए कहा। कुछ ही मिनटों में बस आग की चपेट में आ गई। यात्री पवन ने बताया कि ड्राइवर ने समय पर बस रोक दी, जिससे खासकर बच्चों और महिलाओं को सुरक्षित बाहर निकाला जा सका। यदि थोड़ी भी देर होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। स्थानीय लोगों ने भी मौके पर पहुंचकर यात्रियों की मदद की। आग लगने के कारणों की जांच जारी है, लेकिन शुरुआती आशंका इंजन में खराबी की जताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

### दरवाजा बंद कर जज के सामने वकील को मारा

**नई दिल्ली,9 फरवरी।** भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत के सामने वकील ने अपने साथ मारपीट का मुद्दा उठाया। वकील ने सीजेआई को बताया कि कोर्ट में दूसरे पक्ष के लोगों ने उनके साथ मारपीट की और ये सब एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज के सामने हुआ। इसपर सीजेआई ने नाराजगी जाहिर की। साथ ही कहा कि अदालत में इस तरह का गुंडाराज नहीं चलेगा। वकील ने सुप्रीम कोर्ट में कहा, 'मैं ADJ हरजीत सिंह पाल की अदालत तीस हजार कोर्ट में पेश हुआ था।

### मणिपुर में उग्रवादियों ने फूंके दर्जनों घर, कर्फ्यू लागू

**इंफाल,9 फरवरी।** मणिपुर के उखरुल जिले में एक बार फिर सांप्रदायिक तनाव और हिंसा का तांडव देखने को मिला है। रविवार रात सशस्त्र उग्रवादियों ने लिटान सारेइखोंग क्षेत्र में कई मकानों को आग के हवाले कर दिया। यह हिंसा तंगखुल नगा समुदाय के एक व्यक्ति पर हुए कथित हमले के बाद उपजे तनाव का परिणाम बताई जा रही है। प्रशासन ने स्थिति को अनियंत्रित होते देख जिले में तत्काल प्रभाव से निषेधाज्ञा लागू कर दी है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि रविवार शाम को जिले के लिटान गांव में दो आदिवासी समूहों ने पथराव किया, जिसके कारण प्रशासन को निषेधाज्ञा लागू करनी पड़ी। उन्होंने बताया कि मध्यरात्रि के आसपास लिटान सारेइखोंग में तंगखुल नगा समुदाय के कई मकानों में कथित तौर पर कुकी उग्रवादियों द्वारा आग लगा दी गई। पास के ही एक इलाके में कुकी समुदाय के कुछ लोगों के मकानों को भी जला दिया गया। तंगखुल मणिपुर की सबसे बड़ी नगा जनजाति है। लितान सारेइखोंग कुकी बहुल गांव है। जिले के एक अधिकारी ने कहा, ''नुकसान का आकलन किया जा रहा है और स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है।''

## पीएम श्री स्कूल में विवादित प्राचार्य को पुनः पदस्थ करने पर छात्रों का हल्लाबोल

### प्रशासन ने आनन-फानन में किया आदेश को निरस्त

**गरियाबंद,9 फरवरी।** गरियाबंद पीएम श्री स्कूल के छात्रों ने प्राचार्य को हटाने के लिए कलेक्टोरेट का घेराव किया. निलंबन के बाद भी प्राचार्य को वापस उसी स्कूल में पदस्थ करने पर छात्रों के गुस्से को देखते हुए प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आदेश को निरस्त कर दिया है. गरियाबंद स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम पीएम श्री स्कूल के लगभग 400 बच्चे प्राचार्य हटाओ की तख्तियां हाथों में उठाए नारा लगाते कलेक्टोरेट के मुख्य दरवाजे पर बैठ गए. एडीएम पंकज डहारे जब छात्रों से बात करने पहुंचे तो उन्होंने एक हस्तलिखित ज्ञापन दिया, जिसमें प्राचार्य वंदना पाण्डेय पर गंभीर आरोप लगाए गए थे.इसमें छात्रों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के साथ एडमिशन के लिए



ज्यादा पैसा लेने, प्रैक्टिकल का नम्बर काटने, अनावश्यक मीटिंग लेकर पढ़ाई प्रभावित करने का भी आरोप था. एडीएम डाहरे ने छात्रों को आश्वस्त किया है कि जांच के बाद दो-तीन दिनों में उचित निर्णय ले लिए जाएंगे. उन्होंने बताया कि डीईओ ने अब तक जिला प्रशासन को स्थिति से अवगत नहीं कराया था, अन्यथा ऐसी नौबत नहीं आती.

17 अक्टूबर 2025 को मंत्रालय स्कूल शिक्षा विभाग ने प्राचार्य वंदना पाण्डेय को निलंबित करने का आदेश जारी किया था. आदेश में 31 जनवरी 2025 को शिक्षा सचिव के औचक निरीक्षण का हवाला देकर बताया गया था कि पीएम श्री स्कूल में काफी अनियमितता पाई गई, जिसकी जिम्मेदार प्राचार्य को ठहराया गया. जनवरी 2025 में पाई गई खामियों पर कार्रवाई के लिए मंत्रालय को 10 माह लग गए, लेकिन कार्रवाई के ठीक पांच माह बाद ही 29 जनवरी को प्रशासनिक आवश्यकता का हवाला देकर बहाल भी कर दिया. जबकि निलंबित संस्थान में वापसी उसी पद पर बहाल नहीं करने का सरकारी प्रावधान है. नियम विरुद्ध बहाली लेकर संस्थान पहुंची प्राचार्य के तेवर बदले थे, जिससे संस्थान का माहौल बिगड़ गया. 5 फरवरी को पीएम श्री स्कूल के 28 स्टाफ जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंग धीर को मामले से अवगत कराते हुए प्राचार्य को अन्यत्र पदस्थ करने की मांग रखी. 5 दिन तक सुनवाई नहीं हुई तो आज छात्रों ने मोर्चा खोल दिया. दो गुटों में बंट चुके पीएम श्री स्कूल एक दिन पहले भी सुर्खियों में था. दरअसल, स्कूल के स्टाफ द्वारा बनाए गए दो वायरल वीडियो की चर्चा मीडिया में हुई है. हालांकि, रिल में दिख रहे शिक्षकों ने कहा था कि स्कूल में आयोजित उत्सव के समापन के बाद शिक्षकीय दायित्व सम्पन्न करने के बाद रिल बनाई गई थी, जिसे दुर्भावना बस प्राचार्या द्वारा मीडिया के माध्यम से वायरल कराया गया.

## परीक्षा पे चर्चा के दौरान मोदी ने चखा ठेठरी-खुरमी का स्वाद

**नई दिल्ली,9 फरवरी।** 'परीक्षा पे चर्चा' के 9वें संस्करण में इस बार पढ़ाई और परीक्षा की बातों के साथ छत्तीसगढ़ का स्वाद भी जुड़ गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ की पारंपरिक मिठाइयों और नमकीन का आनंद लिया। कार्यक्रम में मौजूद एक छात्र ने प्रधानमंत्री को छत्तीसगढ़ की मशहूर नमकीन ठेठरी भेंट की। बेसन से बनने वाली यह खास डिश दीपावली जैसे त्योहारों पर घर-घर में बनाई जाती है। ठेठरी चखने के बाद पीएम मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र में इसी तरह की डिश को ''चकली'' कहा जाता है।इसके बाद प्रधानमंत्री ने खुरमी का भी स्वाद लिया। खुरमी एक पारंपरिक मीठा पकवान है, जो गुड़, आटा और सूजी से तैयार किया जाता है। इसे खास मौकों पर बनाया जाता है। वीडियो में प्रधानमंत्री इन व्यंजनों को अन्य छात्रों के साथ साझा करते हुए भी दिखाई दिए। कार्यक्रम में छात्रों के साथ संवाद के साथ-साथ छत्तीसगढ़ की संस्कृति और खानपान की भी झलक देखने को मिली। यह पल छात्रों के लिए खास और यादगार बन गया। अंजली वैष्णव मैंने छत्तीसगढ़ के कल्याण कॉलेज भिलाई से बैचलर ऑफ जर्नलिज्म करने के बाद रायपुर कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में पढ़ाई की है।

### एनीकेट में नहाने के दौरान डूबे दो बच्चे

**सूरजपुर,9 फरवरी।** जिले के रामनगर में मोहरा एनिकट में रविवार को नहाने के दौरान दो नाबालिग छात्र गहरे पानी में जाने से डूब गए. सूचना पर डीडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और दोनों की तलाश शुरू की गई. सुरक्षा कारणों से रात में तलाश संभव नहीं हो सकी और क्षेत्र को घेराबंदी कर सुरक्षित किया गया. जानकारी के मुताबिक, रविवार दोपहर को शिवनंदनपुर निवासी आदिल अंसारी (12 वर्ष) पिता सेराज अंसारी और जयनगर कुंजनगर निवासी अयान सद्दाम (15 वर्ष) पिता मो. जावेद दोस्तों के साथ घूमने के लिए रामनगर मोहरा एनीकट गए थे.

## मछलीपालन विभाग के दफ्तर में लगी आग

### सरकारी फाइलें और लाखों का सामान जलकर खाक

**रायगढ़,9 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में जिला सहायक संचालक मछली पालन विभाग के कार्यालय में रविवार को अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई. देखते ही देखते आग ने कार्यालय के एक हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वहां रखी महत्वपूर्ण सरकारी फाइलें, फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अन्य जरूरी सामान जलकर खाक हो गया. इस आगजनी में लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है. मामला चक्रधर नगर थाना क्षेत्र का है. घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के मोहल्लेवासियों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी. सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम दमकल वाहनों के साथ मौके पर पहुंची और आग बुझाने का कार्य शुरू किया. आग की तीव्रता को देखते हुए दमकल कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी, जिसके बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया. आग लगने की सूचना मिलते ही चक्रधर नगर थाना प्रभारी सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति का जायजा लिया. पुलिस ने तत्काल क्षेत्र को सुरक्षित किया और एहतियातन आसपास मौजूद लोगों को वहां से दूर रखा गया. प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है. हालांकि वास्तविक कारणों की पुष्टि विस्तृत तकनीकी जांच के बाद ही हो सकेगी. मछली पालन विभाग के अधिकारी मौके पर मौजूद रहकर हुए नुकसान का आकलन कर रहे हैं और आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा रही है.


एएसपी अनिल कुमार सोनी ने जानकारी दी कि मछली पालन विभाग में आग लगने की सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची. आग को पूरी तरह बुझा दिया गया है.

### भाजपा नेता पर ब्लेड से हमला, हालत गंभीर

**बेमेतरा,9 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले के खम्हारिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरगा में देर रात सनसनीखेज वारदात सामने आई। भाजपा नेता और पूर्व सरपंच नोहर साहू पर गांव के ही एक युवक ने गले पर ब्लेड से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में साहू गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक, नोहर साहू गांव में आयोजित एक विवाह कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। इसी दौरान देर रात अचानक आरोपी युवक ने उन पर ब्लेड से हमला कर दिया। हमला सीधे गले पर किया गया, जिससे उन्हें गहरा घाव लगा। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल उन्हें अस्पताल पहुंचाया। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि हमला करने वाला युवक गांव के वर्तमान सरपंच का पुत्र है। घटना के पीछे पुरानी रंजिश की आशंका जताई जा रही है, हालांकि पुलिस ने अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। डॉक्टरों के अनुसार, भाजपा नेता के गले पर गंभीर चोट आई है और उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

## भागवत व अदनान सामी की मुलाकात पर कांग्रेस को आपत्ति

**मुंबई,9 फरवरी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम ने महाराष्ट्र में नया राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और मशहूर गायक अदनान सामी की मुलाकात और साथ में भोजन करने पर महाराष्ट्र कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताई है। कांग्रेस ने इसे "राष्ट्र-विरोधी" कृत्य करार देते हुए आरएसएस की विचारधारा पर सवाल उठाए हैं। विपक्षी दल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि अदनान सामी के पिता ने पाकिस्तान वायु सेना में पायलट के रूप में सेवा दी थी और वह पठानकोट हवाई अड्डे पर हमले समेत 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में शामिल थे। सामी उन हस्तियों में शामिल हैं जिन्होंने आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सप्ताहांत में मुंबई में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में भाग लिया था। कांग्रेस ने 'एक्स' पर लिखा, ''अदनान सामी के पिता अरशद सामी खान पाकिस्तान वायु सेना में पायलट थे जिन्होंने 1965 के युद्ध के दौरान पठानकोट हवाई अड्डे को नष्ट कर दिया था। आज मोहन भागवत उनके साथ भोजन का आनंद ले रहे हैं। आरएसएस (का यह कदम) राष्ट्रविरोधी है।'' सामी ने अपने फेसबुक खाते पर



रविवार को भागवत के साथ अपनी तस्वीरें साझा की थीं और आरएसएस प्रमुख की प्रशंसा की थी।

पद्म श्री से सम्मानित सामी ने पोस्ट में लिखा था, ''आरएसएस के महान सरसंघचालक मोहन भागवत के साथ एक बेहतरीन दोपहर बिताई। उन्हें सुनना आनंददायक था और उन्होंने बड़ी कुशलता से कई मिथकों एवं गलतफहमियों को दूर किया। एक अत्यंत सज्जन और बेहतरीन व्यक्ति। मुंबई में आयोजित यह दो दिवसीय कार्यक्रम आरएसएस की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था, जिसमें कला, खेल और उद्योग जगत की कई हस्तियों ने शिरकत की थी। सामी इसी कार्यक्रम में आमंत्रित विशिष्ट अतिथियों में से एक थे।

महाराष्ट्र चुनाव और वर्तमान राजनीतिक माहौल के बीच कांग्रेस का यह हमला काफी आक्रामक माना जा रहा है। जानकारों का कहना है कि कांग्रेस इस मुद्दे के जरिए संघ के 'राष्ट्रवाद' के नैरेटिव को घेरने की कोशिश कर रही है। फिलहाल आरएसएस या बीजेपी की ओर से कांग्रेस के इन आरोपों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## अंतरिम व्यापार समझौते पर सहमति तो शुरुआत है

दो देशों के बीच जब व्यापारिक समझौते होते हैं तो यह एक दो दिन का काम नहीं होता है। इसको अंतिम रूप देने में कई महीनो तथा कई बार तो सालों लग जाते हैं,एक सरकार के समय बात शुरू होती है और दूसरी तीसरी सरकार के समय समझौता हो पाता है। इसमें दोनों देश अपने फायदे के साथ ही दूसरे देश के फायदे के बारे में सोचते हैं. उनको फायदा चाहिए तो उनको फायदा देना भी पड़ता है, कोई भी व्यापार समझौता ऐसा नहीं होता है कि एक देश को फायदा हो और दूसरे देश को नुकसान हो। खासकर जब अमरीका व भारत जैसे दो बड़े देशों के बीच जब व्यापार समझौता होता है ।उसमें वक्त लगना स्वभाविक है ।अमरीका जैसा देश जो विश्व का नंबर वन अर्थव्यवस्था वाला देश है, वह बड़ा होने के कारण कोशिश तो करेगा ही भारत चौथे नंबर की अर्थव्यवस्था होने के कारण उसकी बात ज्यादा माने,अमरीका ने इसके लिए कई तरह से दवाब भी डाला लेकिन भारत दबाव में नहीं आया। इसी वजह भारत व अमरीका के बीच बातचीत तो होती रही, भारत पर दबाव भी डाला जाता रहा लेकिन अमरीका भारत को झुका नहीं पाया ।उसे आखिर में महीनों के बाद भारत की बात माननी पड़ी। क्योंकि भारत ने तो तय कर रखा था कि अगर ट्रंप के शासन में अमरीका व भारत व्यापार समझौता नहीं होता पाता तो वह अगली सरकार का इंतजार करेगा और अमरीका से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए वह दूसरे देशों के साथ व्यापार बढ़ाने पर बात करेगा। यानी भारत ने यह संकेत दे दिया कि भारत के लिए अमरीका जरूरी नहीं है, भारत तो अमरीका के बगैर भी अपना काम चला सकता है, भले इसके लिए उसे दूसरे देशों से व्यापार समझौता क्यों न करना पड़े।इसके लिए उसने यूरोपियन यूनियन से समझौता करके दिखा भी दिया कि अमरीका व्यापार समझौते को ज्यादा लंबा खींचेगा तो ऐसा भी हो सकता है कि वह भारत जैसा बड़ा बाजार खो दे और भारतीय बाजार में दूसरे देशों का महत्व बढ़ जाए। भारत व यूरोपियन यूनियन के बीच दो दशक पुराना समझौता कुछ महीनों के भीतर हो जाने से अमरीका के राष्ट्रपति को लगा कि अगर वह समझौते को और ज्यादा खींचेगा तो उसे ही ज्यादा नुकसान होगा। उसके हाथ से भारत जैसा बड़ा बाजार निकल जाएगा और हो सकता है इसका फायदा चीन व रूस उठा लें। भारत ने पिछले कुछ महीनों मे चीन व रूस से अपने संबंधों को और मजबूत किया भी है. यही वजह है कि खुद अमरीका के राष्ट्रपति ट्रंप को ही अचानक एक दिन भारत के पीएम मोदी से फोन पर बात करनी पड़ी और यह घोषणा भी करनी पड़ी कि भारत पर लगाया गया पचास प्रतिशत का टैरिफ हटा कर १८ प्रतिशत कर दिया गया है।भारत के सामने झुके ट्रंप इसलिए उनको बहाना बनाना पड़ा कि भारत रूस से तेल खरीदी बंद करने पर सहमति जताई है, इसलिए टैरिफ घटाकर १८ प्रतिशत किया गया है, भारत नही झुका इसलिए पीएम मोदी ने ऐसा कुछ नहीं कहा,उन्होंने कहा कि जब दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएं और दुनिया के दो बड़े लोकंतत्र मिलकर काम करते हैं तो इसका लाभ हमारे लोगों को मिलता है। इसके बाद शनिवार को अंतरिम व्यापार समझौते से सहमति बनाने की दोनों देशों की घोषणा से यह साफ हो गया कि आने वाले दिन मे दोनों देश व्यापार को आसान बनाने के लिए और जो कुछ करना होगा वह करेंगे यानी आगे चलकर बड़ा और स्थायी व्यापार समझौता करेंगे। इससे यह साफ हो गया है कि देश के किसानों के हितों की रक्षा करने में मोदी सरकार सफल रही है।वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा भी है कि यह अतंरिम समझौता किसानों के हितों की रक्षा के प्रति देश की प्रतिबध्दता को दर्शाता है।यानी साफ हो गया है कि भारत संवेदनशील कृषि व डेयरी उत्पादों पर अमरीका को कोई टैरिफ रियायत नहीं देगा। कांग्रेस अब तक यही प्रचार कर रही थी कि पीएम मोदी ट्रंप के सामंने झुक गए हैं, इससे देश के किसानों को नुकसान होगा। लेकिन अब कांग्रेस नेता जयराम कह रहे हैं कि समझौते से अमरीका के किसानों को फायदा होगा तथा भारत के किसानो को कोई फायदा नहीं होगा। हो सकता है कि विपक्षी दल आने वाले समय मे देश के मोदी विरोधी किसान संगठनों को इस समझौते के विरोध में प्रदर्श करने को तैयार कर लें और देश को बताने का प्रयास करें कि देश के किसान इस समझौते के विरोध में हैं क्योंकि इससे देश के किसानों को नुकसान हो सकता है लेकिन आने वाले दिनों से जैसे जैसे दोनों के देशों के बीच कौन किसको किस क्षेत्र में क्या क्या रियायते देगा, यह साफ होता जाएगा तो देश के किसानों व लोगों को भी यह बात समझ में आ जाएगी की इस समझौते से दोनों देशों को फायदा होगा विपक्ष जो एकतरफा भारत के नुकसान की बात कर रहा है, वह झूठ है और वह हमेशा की तरह झूठ की राजनीति कर रहा है और इसका उसे कोई लाभ नहीं मिलने वाला है।

विश्लेषण

# दाल उत्पादन में आत्मनिर्भरता और निर्यात के नए उपाय

प्रमोद भार्गव

देश में दलहन उत्पादन को नई गति देने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर रोडमैप बनेगा।इस लक्ष्यपूर्ति के लिए केंद्रीय बजट में 354 करोड़ रुपए की धनराशि का प्रबंध मध्यप्रदेश के लिए किया गया है।इस संबंध में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के सीहौर जिले के अमलाहा में दलहन क्षेत्र के परिप्रेक्ष्य में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा कि 'बीज से लेकर बाजार तक किसानों को अब चिंता करने की जरूरत नहीं है।राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ मंथन करके दलहन उत्पादन का राष्ट्रीय रोडमैप बनेगा।दाल उत्पादक किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जाएगा।इसके अंतर्गत तुअर 8 हजार रुपए, उड़द 7800 रुपए, चना 5857 रुपए और मसूर 7 हजार रुपए प्रति क्विंटल दर से खरीद की जाएगी।साथ ही देश में एक हजार नए दाल मिल लगेंगे।' चौहान ने कहा कि 'अब दलहन की ऐसी उन्नत किस्में तैयार होंगी ,जिनमें खरपतवार नहीं पनपेगी।पौधा स्वयं ही उन्हें नष्ट कर देगा।मसूर दाल की एक नई किस्म विकसित की जा रही है,जिसमें दो की जगह चार फलियां लगेंगीं।यह दाल 120 दिन की बजाय 70 से 80 दिनों में पककर तैयार हो जाएगी।अब किसानों के लिए मौसम और रोगों के अनुकूल बेहतर बीजों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा,क्योंकि गांवों में ही बीज ग्राम निर्मित होंगे।'इस अवसर पर देश के दलहन उत्पादक 9 राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ अमलाहा में चौहान ने दालों की उन्नत फसलों का अवलोकन भी किया। भारतीय परंपरा में अन्न और दाल का विशेष महत्व है।थाली में परोसा गया आहार देवतुल्य मन जाता है।लेकिन आज हम हर थाली के अनिवार्य आहार दाल उत्पादन में हम आत्मनिर्भर नहीं हैं।देश में दालों की मांग के अनुपात में दलहन का उत्पादन चुनौती बना हुआ है।बड़ी मात्रा में हमें दालों का आयात करना होता है।हालांकि अब धन-धान्य और दलहन आत्मनिर्भरता मिषन नाम से की गई योजनाओं ने दाल उत्पादन में आत्मनिर्भरता से लेकर निर्यात तक के रास्ते खोलने के उपाय भारत सरकार ने किए हुए हैं। यदि खेत में ये उपाय कारगर साबित होते हैं तो उतरती हैं किसान की माली हालत तो सुधरेगी ही देश दाल उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी हो जाएगा। इन योजनाओं के लिए 35,440 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। ये योजनाएं खासतौर से पिछड़े सौ जिलों में कृषि उत्पादकता बढ़ाने और विविध फसलों की पैदावार को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से आरंभ की गई हैं। दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर होने के लिए वर्ष 2030-31 तक उत्पादन को 252 लाख टन से बड़ाकर 350 लाख टन करने का लक्ष्य तय किया गया है। इस हेतु 35 लाख हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि दलहन उत्पादन के दायरे में लाई जाएगी।



विडंबना देखिए, भारत दुनिया का सबसे बड़ा दलहन उत्पादन और उपभोक्ता देश है, लेकिन दालों की आपूर्ति आयात पर निर्भर है। बावजूद नरेंद्र मोदी के 12 साल के कार्यकाल में कृषि निर्यात दोगुना हो गया है। लेकिन दालें आयात करनी पड़ती हैं। आहार में पौष्टिक तत्वों का कारक मानी जाने वाली दालें,बढ़ते दामों के कारण गरीब की शारीरिक जरूरत पूरी नहीं कर रही हैं। ये हालात मानसून के दौरान औसत से कम या ज्यादा बारिश होने से तो उत्पन्न होते ही हैं, किसान के नकदी फसलों की ओर रुख करने के कारण भी हुए हैं। यही नहीं यह स्थिति इसलिए भी बनी, क्योंकि कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार की गलत नीतियों के चलते किसान को खाद्य वस्तुओं की बजाय, ईंधन, प्लास्टिक और फूलों की फसल उगाने के लिए, कृषि विभाग ने जागरूकता के अभियान चलाए। यही वजह रही कि भूमंडलीकरण के दौर में दालों की पैदावार लगातार कम होती चली गई। दाल उत्पादन का रकबा लगभग 15 हजार हेक्टेयर कम हो गया। भारत में दालों की सालाना खपत 220 से 230 लाख टन है। मांग और आपूर्ति के इस बड़े अंतर के चलते जमाखोरों और दाल के आयातक व्यापरियों को भी बारे-न्यारे करने का मौका मिल जाता है। पौष्टिक आहार देश के हरेक नागरिक के स्वस्थ जीवन से जुड़ा अहम् प्रश्न है। संविधान के मूलभूत अधिकारों में भोजन का अधिकार शामिल है। चूंकि दालें प्रोटीन और पौष्टिकता का महत्वपूर्ण जरिया हैं। चूंकि दालें आयात करनी होती हैं, इसलिए इनके भाव भी बीच-बीच में बढ़ जाते हैं। इस कारण मध्यवर्गीय व्यक्ति की थाली से दाल गायब होने लगती है। चुनांचें दाल व्यक्ति की सेहत से जुड़ी हैं और बीमारी की हालत में तो रोगी को केवल दाल-रोटी खाने की ही सलाह चिकित्सक देते हैं। वर्ष 1951 में प्रतिव्यक्ति दालों की उपलब्धता 60 ग्राम थी,जो वर्ष 2010 में घटकर 34 ग्राम रह गई। जबकि अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार यह मात्रा 80 ग्राम होनी चाहिए। दालें भारत में प्रोटीन का प्रमुख स्त्रोत मानी जाती हैं। लेकिन स्थानीय मांग पूरी करने के लिए दाल उत्पादन में किसान को बड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। तुअर दाल की फसल आठ माह में तैयार होती है। बावजूद किसान को उचित दाम नहीं मिलते हैं। गोया,किसान साल में एक फसल उगाने में रुचि कैसे लें ?विदेशों में रहने वाले भारतीय भी सबसे ज्यादा तुअर की दाल खाना पसंद करते हैं। हालांकि अब लंबे समय में पैदा होने वाली दालों की किस्में सुधारी जा रही हैं।आनुवंशिक रूप से इनके बीजों को परिवर्धित किया जा रहा है। विदेशों में रहने वाले भारतीय भी सबसे ज्यादा तुअर की दाल खाना पसंद करते हैं। देश में सबसे अधिक चने और अरहर की खेती होती है। इनके अलावा मूंग और उड़द की दालें पैदा होती हैं। देश में 10 राज्यों के किसान दालों की खेती करते हैं। इनमें सबसे अधिक उत्पादक राज्य महाराष्ट्र है। दालें मुख्य रूप से खरीफ की फसल हैं,जो वर्षा ऋतु में बोई जाती हैं। इस ऋतु में करीब 70 प्रतिशत दालों का उत्पादन होता है। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अनुसार दालों के तात्कालिक भाव 85.42 प्रति किलो से लेकर 112.88 रुपए किलो तक हैं। भावों में इस उछाल का कारण जमाखोरी और सट्टेबाजी के साथ आयात का कुचक्र है। टाटा, मंहिद्रा, ईजी-डे और रिलांइस जैसी बड़ी कंपनियां जब से दाल के व्यापार से जुड़ी हैं,तब से ये जब चाहे तब मुनाफे के लिए दाल से खिलवाड़ करने लग जाती हैं। जब कंपनियां बड़ी तादाद में दालों का भंडारण कर लेती हैं,तो भावों में कृत्रिम उछाल आ जाता है। हालांकि केंद्र सरकार ने दालों का भंडारण सितंबर 2024 से सीमित किया हुआ है। इस कारण भाव नियंत्रण में हैं। मीडिया दाल के बढ़ते भावों को गरीब की थाली से जोड़कर उछालता है। तब सरकार दाल के आयात के लिए विवश हो जाती है। मसलन देशी-विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के हर हाल में पौ-बारह बने रहते हैं। इन कंपनियों का दबदबा इतना है कि कोई भी राज्य सरकार इनके गोदामों पर छापे डालने का जोखिम उठाने का साहस नहीं जुटा पाती? लिहाजा कालाबाजारी बदस्तूर रहती है। ये कंपनियां मसूर और मटर की दाल कनाडा से,उड़द और अरहर की दाल बर्मा के रंगून से,राजमा चीन से और काबुली चना आस्ट्रेलिया से आयात करती हैं। इनके अलावा अमेरिका, रूस, केन्या, तंजानिया, मोजांबिक, मलावा और तुर्की से भी दालें आायात की जाती हैं। कनाडा ने मसूर दाल के भाव पिछले साल की तुलना में दोगुने कर दिए हैं। एशियाई देशों में सबसे ज्यादा दालों का निर्यात करने वाला देश कनाडा है। इस नाते यह कहने में कोई दो राय नहीं कि विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों की बात तो छोड़िए,देशी कंपनियां भी भारतीय कृषि को बदहाल बनाए रखना चाहती हैं। आयात की जब इन्हें खुली छूट मिल जाती है तो ये जरूरत से ज्यादा दाल व तेल का आयात करके भारत को डंपिंग ग्राउंड बना देती हैं। तय है,कालांतर में भारत की तरह दूसरे देशों में यदि मौसम रूठ जाता है तो दाल और प्याज की तरह खाद्य-तेल के भाव भी आसमान छूने लग जाते हैं। सस्ते तेल का आयात जारी रहने की वजह से ही भारत में तिलहन का उत्पादन प्रभावित हो रहा है। बावजूद हमारे नेता ऐसी नीतियों को बढ़ावा देने की कोशिशों में लगे रहे हैं कि दलहन और तिलहत के क्षेत्र में भारत पूरी तरह परावलंबी बना रहे। इस परिप्रेक्ष्य में मनमोहन सरकार के कृषि मंत्री बलराम जाखड़ ने सलाह दी थी कि भारत अफ्रीका में दालें उगाए और फिर आयात करे। इसी तरह संप्रग सरकार में कृषि मंत्री रहे शरद पवार म्यांमार और उरूग्वे में दालें पैदा कराकर आयात करना चाहते थे। ये सुझाव समझ से परे हैं। आखिर ऐसे क्या रहस्य हैं कि हमारे नीति-नियंता विदेशी धरती पर तो दाल उत्पादन को प्रोत्साहित करना चाहते हैं, किंतु देश के किसानों को लाभकारी मूल्य देना नहीं चाहते ? ऐसी इच्छाएं देश की खाद्य सुरक्षा को जान-बूझकर संकट में डालने जैसी लगती हैं। ऐसे एक सौ पिछड़े जिलों में दालों के उत्पादन का दायरा बढ़ाकर और दालों के बीजों की किस्में सुधार कर पैदावार बढ़ाने के उपाय दाल उत्पादन में आत्मनिर्भरता तो बढ़ाएंगे ही, निर्यात के द्वार भी भविषय में खुलेंगे।

## राशिफल

मेष राशि- मेष राशि वालों के लिए आज संकल्प, अनुशासन और स्पष्ट दिशा का दिन है। द चैरियट कार्ड बताता है कि जब मन और कर्म एक दिशा में चलते हैं, तो कोई बाधा टिक नहीं पाती। भावनाओं पर नियंत्रण रखते हुए लक्ष्य पर फोकस करें। जल्दबाज़ी या भटकाव से बचें। हर ठोस कदम आपको जीत के और करीब ले जाएगा—बस डटे रहना जरूरी है।

वृषभ-: - वृषभ राशि के लिए आज आत्मनिर्भरता और संतोष का संकेत है। नाइन ऑफ पेंटाकल्स आपकी मेहनत के फल और जीवन में आई स्थिरता को दर्शाता है। आज आप खुद पर और अपनी उपलब्धियों पर गर्व महसूस करेंगे। शांति और आराम के इन पलों को स्वीकार करें—आपने इन्हें पूरी ईमानदारी से अर्जित किया है। अपने मूल्य को पहचानते ही समृद्धि और सहज होती जाएगी।

मिथुन- मिथुन राशि वालों के लिए आज स्पष्ट सोच और सच्चाई का दिन है। ऐस ऑफ स्वॉर्ड्स भ्रम को काटकर सच सामने लाता है। किसी उलझन भरी स्थिति पर आज अचानक स्पष्टता मिल सकती है। ईमानदार बातचीत और ठोस फैसले प्रगति का मार्ग खोलेंगे। तर्क और विवेक पर भरोसा रखें—यही आपको सही दिशा में ले जाएंगे।

कर्क -: कर्क राशि के लिए आज संवेदनशीलता और भावनात्मक समझ सबसे बड़ी ताकत बनेगी। क्वीन ऑफ कप्स अंतर्ज्ञान, करुणा और गहरे भावनात्मक जुड़ाव का संकेत देती है। किसी से दिल की बात साझा करने या किसी को सहारा देने का अवसर मिल सकता है। बस ध्यान रखें—दूसरों की देखभाल करते हुए खुद को न भूलें। संतुलित संवेदनशीलता ही असली शक्ति है।

सिंह-: सिंह राशि वालों को आज छोटे-मोटे मतभेद या प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ सकता है। फाइव ऑफ वॉन्ड्स बताता है कि हर टकराव जीतने लायक नहीं होता। अहं की टक्कर से बचें और शांति बनाए रखें। सहयोग और धैर्य अपनाने से आप हालात पर बेहतर नियंत्रण पा सकेंगे। असली जीत स्वयं पर नियंत्रण में है।

कन्या-: कन्या राशि के लिए आज मेहनत और एकाग्रता का दिन है। एट ऑफ पेंटाकल्स निरंतर अभ्यास और कौशल निखारने की ओर इशारा करता है। काम भले ही दोहराव वाला लगे, लेकिन हर प्रयास आपको निपुणता की ओर ले जा रहा है। धैर्य रखें—आपकी लगन भविष्य में ठोस परिणाम देगी।

तुला-: तुला राशि वालों के लिए आज रिश्तों और अहम फैसलों का दिन है। द लवर्स कार्ड सच्चाई, सामंजस्य और दिल से किए गए चुनावों का प्रतीक है। प्रेम हो या साझेदारी, आज वही निर्णय सही होगा जो आपके मूल्यों से मेल खाता हो। मजबूरी नहीं, बल्कि ईमानदारी से किया गया चुनाव ही सुकून देगा।

वृश्चिक- वृश्चिक राशि के लिए आज भावनात्मक संतुलन सबसे बड़ी उपलब्धि बनेगा। किंग ऑफ कप्स बताता है कि शांत और समझदारी भरा रवैया किसी भी स्थिति को संभाल सकता है। आपको किसी संवेदनशील मामले में मार्गदर्शन देना पड़ सकता है। सीमाओं के साथ करुणा रखें—यही आपको सम्मान और प्रभाव दिलाएगा।

धनु - धनु राशि वालों के लिए आज खुशी, मेलजोल और उत्सव का संकेत है। थ्री ऑफ कप्स मित्रों, परिवार और सामूहिक आनंद की ओर इशारा करता है। छोटी-छोटी उपलब्धियों का जश्न मनाएं और अपनों के साथ समय बिताएं। साझा की गई खुशी कई गुना होकर लौटती है।

मकर- मकर राशि के लिए आज छोड़ने और संतुलन बनाने का संदेश है। फोर ऑफ पेंटाकल्स बताता है कि जरूरत से ज्यादा पकड़—चाहे भावनात्मक हो या आर्थिक—विकास रोक सकती है। भरोसा रखें कि नियंत्रण छोड़ने से असुरक्षा नहीं, बल्कि संतुलन आता है। खुलेपन से स्थिरता और सहजता बढ़ेगी।

कुंभ- कुंभ राशि वालों के लिए आज सीखने और जिज्ञासा का दिन है। पेज ऑफ स्वॉर्ड्स नए विचार, सूचना और रोचक बातचीत का संकेत देता है। अचानक कोई अहम संदेश या विचार मिल सकता है। सवाल पूछें, निरीक्षण करें और सोच को लचीला रखें—यही आपको आगे बढ़ाएगा।

मीन- मीन राशि पर आज आशा और उपचार की कोमल रोशनी रहेगी। द स्टार कार्ड विश्वास लौटने और भावनात्मक सुकून मिलने का संकेत देता है। भले ही प्रगति धीमी लगे, लेकिन सही दिशा में है। धैर्य रखें और खुद पर भरोसा बनाए रखें—उजाले की राह धीरे-धीरे स्पष्ट होती जा रही है।

## शब्द सामर्थ्य -311

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**
1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | | 8 | ■ | |
| 9 | | | ■ | 10 | | | | |
| | ■ | | ■ | ■ | ■ | 12 | ■ | |
| ■ | 11 | | 12 | | ■ | ■ | 13 | |
| 14 | | ■ | | ■ | ■ | 15 | | ■ |
| 16 | | ■ | 17 | 18 | 19 | | | ■ |
| 20 | | 21 | ■ | 22 | | ■ | ■ | ■ |
| | ■ | | ■ | 23 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 310 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ल | त | ■ | ■ | ■ | खा | म | खाँ |
| णे | ■ | ल | ■ | झ | प | की | ■ | ■ |
| श | र | ब | त | ■ | रं | ■ | ■ | मि |
| ■ | ज | गा | ना | ■ | प | रा | का | ष्ठा |
| ■ | नी | र | ■ | वि | रा | ज | मा | न |
| ना | च | ■ | ■ | प | ■ | ■ | य | ■ |
| म | र | णा | स | न्न | ■ | पा | नी | ■ |
| ची | ■ | ■ | प | ■ | पा | ■ | ■ | भो |
| न | ज | रा | ना | ■ | स | मा | चा | र |

## सू- दोकू क्र.311

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंाड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.310 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

चर्चित मुद्दा

# आखिर क्यों चर्चा में है 'खेजड़ी बचाओ जन-आंदोलन'

सुनील कुमार महला

इन दिनों राजस्थान में खेजड़ी बचाओ जन-आंदोलन खास चर्चा में है। दरअसल, खेजड़ी बचाओ जन-आंदोलन राजस्थान के राज्य वृक्ष 'खेजड़ी' के संरक्षण के लिए चलाया जा रहा एक जन-आंदोलन है। वास्तव में यह आंदोलन सोलर कंपनियों द्वारा पेड़ों की कटाई के कारण चर्चा में आया। आंदोलनकारियों का आरोप है कि राजस्थान के बीकानेर और आसपास के इलाकों में सोलर पावर प्रोजेक्ट्स स्थापित करने के लिए कंपनियां बड़े पैमाने पर खेजड़ी के पेड़ों की कटाई कर रही हैं। यह भी आरोप लगाया गया कि पकड़े जाने के डर से पेड़ों को रात के अंधेरे में काटकर जमीन में दबा दिया जाता है। आंदोलनकारियों की मुख्य मांगें स्पष्ट हैं। वे पूरे राजस्थान में खेजड़ी की कटाई पर पूर्ण प्रतिबंध चाहते हैं। इसके साथ ही राज्य में एक प्रभावी 'ट्री प्रोटेक्शन एक्ट' लागू करने की मांग की जा रही है, जिसमें अवैध कटाई पर भारी जुर्माने ( 1 लाख तक) और जेल की सजा का प्रावधान हो। आंदोलनकारियों का यह भी कहना है कि सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए ऐसी जमीनों का ही आवंटन किया जाए, जहां पहले से हरे-भरे पेड़ मौजूद न हों। यहां पाठकों को बताना जरूरी है कि इस आंदोलन की मुख्य और प्रभावी शुरुआत हाल ही में 2 फरवरी 2026 को राजस्थान के बीकानेर जिले से हुई। हालांकि बीकानेर कलेक्ट्रेट और करणीसर भाटियान क्षेत्र में पिछले लगभग एक महीने से शांतिपूर्ण धरने और प्रदर्शन चल रहे थे, लेकिन फरवरी 2026 के पहले सप्ताह में इसे 'महा-आंदोलन' का रूप मिला। उपलब्ध जानकारी के अनुसार 2 फरवरी 2026 को बीकानेर के पॉलिटेक्निक कॉलेज मैदान में हजारों पर्यावरण प्रेमियों, संतों और बिश्नोई समाज के लोगों का विशाल 'महापड़ाव' शुरू हुआ। इस दिन बीकानेर के बाजार पूरी तरह बंद रहे और स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया। इसके अगले दिन, 3 फरवरी 2026 को, कलेक्ट्रेट के सामने 363 संतों और पर्यावरण प्रेमियों ने आंखों पर पट्टी बांधकर 'आमरण अनशन' प्रारंभ किया। यह संख्या ऐतिहासिक खेजड़ली बलिदान की स्मृति में प्रतीकात्मक रूप से चुनी गई थी। मीडिया में उपलब्ध जानकारी के अनुसार 5 और 6 फरवरी 2026 को आंदोलन के बढ़ते दबाव के बीच राज्य के उद्योग मंत्री के.के. बिश्नोई धरना स्थल पर पहुंचे। सरकार की ओर से जोधपुर और बीकानेर संभाग में खेजड़ी की कटाई पर तत्काल लिखित प्रतिबंध लगाने तथा विधानसभा में सख्त 'ट्री प्रोटेक्शन एक्ट' लाने के आश्वासन के बाद आमरण अनशन समाप्त किया गया। यह भी उल्लेखनीय है कि इस जन-आंदोलन का मुख्य केंद्र बीकानेर रहा, लेकिन इसकी गूंज पूरे पश्चिमी राजस्थान(जोधपुर, जैसलमेर और बाड़मेर) में विशेष रूप से सुनाई दी। इस आंदोलन में न केवल राजस्थान, बल्कि हरियाणा, पंजाब और मध्य प्रदेश से भी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। आंदोलन को पूर्व मुख्यमंत्रियों वसुंधरा राजे और अशोक गहलोत तथा हनुमान बेनीवाल जैसे प्रमुख नेताओं का भी समर्थन मिला, जिससे यह आंदोलन एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनकर उभरा। फिलहाल आमरण अनशन समाप्त हो चुका है, लेकिन आंदोलनकारियों ने साफ चेतावनी दी है कि जब तक विधानसभा में कानून पारित नहीं हो जाता, तब तक उनका प्रतीकात्मक धरना यानी 'महापड़ाव' जारी रहेगा। उनकी मांग है कि खेजड़ी कटाई पर लगाया गया प्रतिबंध पूरे राजस्थान में प्रभावी रूप से लागू किया जाए।

यहां पाठकों को यह भी बताना आवश्यक है कि खेजड़ी संरक्षण का इतिहास राजस्थान की मिट्टी में गहराई से जुड़ा हुआ है। अमृता देवी बिश्नोई के नेतृत्व में वर्ष 1730 ईस्वी में 363 लोगों ने हरे पेड़ों को बचाने के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। इन बलिदानियों में 69 महिलाएं और 294 पुरुष शामिल थे। खेजड़ली (जोधपुर) का यह बलिदान, वर्ष 1730 ईस्वी (विक्रम संवत 1787) में घटित, विश्व इतिहास की सबसे महान पर्यावरण संरक्षण घटनाओं में गिना जाता है। यह पेड़ों की रक्षा के लिए दिया गया पहला और सबसे बड़ा सामूहिक बलिदान माना जाता है। इतिहास बताता है कि जोधपुर के तत्कालीन महाराजा अभय सिंह को अपने नए महल के निर्माण हेतु चूना पकाने के लिए बड़ी मात्रा में लकड़ी की आवश्यकता थी। इसके लिए उनके कारिंदे गिरधारी दास सैनिकों के साथ खेजड़ली गांव पहुंचे और खेजड़ी के हरे पेड़ों को काटने लगे। इसका अमृता देवी बिश्नोई ने कड़ा विरोध किया। उन्होंने सैनिकों को चुनौती देते हुए ऐतिहासिक नारा दिया-'सिर साठे रूंख रहे, तो भी सस्तो जाण।' अर्थात यदि सिर कटने के बाद भी एक पेड़ बचता है, तो यह सौदा भी सस्ता ही समझा जाना चाहिए। पेड़ों को बचाने के लिए अमृता देवी सबसे पहले खेजड़ी के पेड़ से लिपट गईं। सैनिकों ने पेड़ के साथ उन्हें भी काट दिया। उनके बाद उनकी तीन बेटियां-आसू, रत्नी और भागू-और फिर उनके पति ने भी अपने प्राणों की आहुति दी। यह दृश्य देखकर पूरे गांव और आसपास के 84 गांवों के लोग उमड़ पड़े और एक-एक करके पेड़ों से लिपटते चले गए। जब महाराजा अभय सिंह को इस भीषण नरसंहार की जानकारी मिली, तो उन्होंने तुरंत पेड़ों की कटाई रुकवाई और भविष्य के लिए एक ताम्रपत्र यानी राजकीय आदेश जारी किया, जिसमें बिश्नोई बहुल क्षेत्रों में कभी भी हरे पेड़ न काटे जाने का निर्देश दिया गया। यह भी उल्लेखनीय है कि आधुनिक काल का 'चिपको आंदोलन', जिसके प्रणेता सुंदरलाल बहुगुणा थे, इसी खेजड़ली बलिदान से प्रेरित माना जाता है। भारत सरकार और राजस्थान सरकार पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को अमृता देवी के नाम पर 'अमृता देवी वन्य जीव पुरस्कार' (राष्ट्रीय पुरस्कार) भी प्रदान करती हैं। खेजड़ली गांव में आज भी एक भव्य शहीद स्मारक स्थित है, जहां हर वर्ष भाद्रपद शुक्ल दशमी को विश्व का एकमात्र 'वृक्ष मेला' आयोजित किया जाता है। अंत में यह कहना उचित होगा कि खेजड़ी का केवल पर्यावरणीय ही नहीं, बल्कि ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व भी है। यह आंदोलन केवल पर्यावरण तक सीमित नहीं है, बल्कि राजस्थान की संस्कृति और आस्था से गहराई से जुड़ा हुआ है। खेजड़ी राजस्थान का राज्य वृक्ष है, जिसका वैज्ञानिक नाम 'प्रोसोपिस सिनेरेरिया' है। इसे 'रेगिस्तान का कल्पवृक्ष' कहा जाता है और यह थार मरुस्थल की पारिस्थितिकी की रीढ़ की हड्डी मानी जाती है। गौरतलब है कि राजस्थान सरकार ने 31 अक्टूबर 1983 को खेजड़ी को राज्य वृक्ष घोषित किया था। इसका उद्देश्य थार मरुस्थल के पारिस्थितिकी तंत्र में इसके महत्व को देखते हुए इसके संरक्षण को बढ़ावा देना था। यदि हम खेजड़ी वृक्षों से जुड़े आंकड़ों की बात करें, तो सरकार या किसी अन्य विश्वसनीय स्रोत द्वारा राज्य में खेजड़ी के कुल वृक्षों की वर्तमान आधिकारिक संख्या का कोई विस्तृत और ताजा डेटा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं है। हालांकि कुछ हालिया रिपोर्टों और विधायकों के बयानों से इसकी स्थिति का अनुमान लगाया जा सकता है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार राजस्थान विधानसभा में एक स्थानीय विधायक ने यह बयान दिया कि पश्चिमी राजस्थान में पिछले 15 वर्षों में लगभग 26 लाख से अधिक खेजड़ी के पेड़ काटे जा चुके हैं और भविष्य में करीब 50 लाख खेजड़ी पेड़ों की कटाई की तैयारी बताई जा रही है। ये आंकड़े इस बात का संकेत देते हैं कि हजारों से लाखों की संख्या में खेजड़ी वृक्ष अभी भी मौजूद हैं, लेकिन उनका अस्तित्व गंभीर खतरे में है। हालांकि, यहां राहत की बात यह है कि खेजड़ी संरक्षण के प्रयास भी जारी हैं। इसी क्रम में पाठकों को जानकारी देना आवश्यक है कि एक प्रतिष्ठित अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र के अनुसार राज्य में सोलर ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण के संतुलन को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2028 तक 10 लाख (एक मिलियन) नए खेजड़ी वृक्ष लगाने का लक्ष्य घोषित किया गया है। इसका उद्देश्य राज्य में खेजड़ी की कुल संख्या बढ़ाना है। आज भी पश्चिमी राजस्थान में लाखों खेजड़ी के पेड़ मौजूद हैं, लेकिन बड़ी संख्या में इन्हें काटा जा चुका है और भविष्य में कटाई की आशंका भी बनी हुई है। वास्तव में खेजड़ी बचाओ आंदोलन राजस्थान में खेजड़ी वृक्ष के संरक्षण के लिए चल रहा एक पर्यावरणीय और सामाजिक आंदोलन है। इसका मूल कारण खेजड़ी की अंधाधुंध कटाई और उससे हो रहे पर्यावरणीय नुकसान के खिलाफ जन-आक्रोश है। आंदोलनकारियों की प्रमुख मांग कानूनी सुरक्षा और प्रभावी रोक की है। सामाजिक और राजनीतिक समर्थन, आमरण अनशन तथा सरकार की ओर से दिए गए आश्वासनों के कारण यह आंदोलन राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में बना हुआ है।

## एक नजर

### उरगा पुलिस ने अवैध स्क्रैप यार्ड पर मारा छापा मारकर 30 लाख का सामान किया जब्त

**कोरबा,9 फरवरी।** जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर उरगा पुलिस ने बड़ी कार्यवाही की है। जानकारी के अनुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन में थाना उरगा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरबसपुर बायपास रोड स्थित एक अवैध स्क्रैप यार्ड पर दबिश दी गई।जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि स्क्रैप यार्ड में चोरी से संबंधित हाइवा, ट्रैलर एवं ट्रक के पुर्जे सहित भारी मात्रा में लोहे का सामान अवैध रूप से संग्रहित है। जांच के दौरान यार्ड संचालक मौके पर मिला, लेकिन वह सामग्री से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।दस्तावेजों पेश न करने के अभाव में पुलिस ने लगभग 1200 टन ट्रैलर की मंडी, डाला बॉडी एवं अन्य लोहे का सामान जब्त किया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 30 लाख रुपये बताई जा रही है। नगर निगम टीम द्वारा पंचनामा तैयार कर स्क्रैप यार्ड को सीलबंद किया गया है। मामले में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही जारी है। कोरबा पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

### राष्ट्रव्यापी हड़ताल को विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन का मिला समर्थन

**कोरबा,9 फरवरी।** केंद्र सरकार द्वारा लाए गए नए कानून लेबर कोड, पावर कम्पनियों के निजीकरण, ओपीएस की जगह यूपीएस लागू करने तथा संविदाकर्मियों को 10 साल की सेवा के बाद भी नियमित नहीं करने के आरोप लगाते हुए इसके विरोध में आगामी 12 फ्रवरी को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल को अखिल भारतीय विद्युत कामगार महासंघ से सम्बद्ध एवं मान्यता प्राप्त एकमात्र ट्रेड यूनियन संगठन छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन ने नैतिक समर्थन देने का फैसला किया है। इस संदर्भ में जनता यूनियन के प्रांताध्यक्ष अनिल द्विवेदी ने अधिकृत जानकारी देते हुए बताया की ष्वे छत्तीसगढ़ में कार्यरत बिजलीकर्मियों से 12 फ्रवरी के इस अखिल भारतीय हड़ताल को बाहर से समर्थन देने तथा कर्मचारी हित, हक और सम्मान के लिए आवाज बुलंद करने का आह्वान करते हैं।ष् उन्होंने विद्युत कम्पनी में कार्यरत कर्मचारियों से आह्वान करते हुए कहा है कि 12 फ्रवरी को कर्मचारी ड्यूटी पर आने के बाद काम शुरू करने से पहले अपने अपने कार्यालय के समक्ष केंद्र सरकार की दमनकारी श्रम नीति तथा अन्य प्रस्तावित मांगों की वादाखिलाफी के विरोध में नारेबाजी करें तथा सम्पूर्ण दिवस काली पट्टी बांधकर काम करें।

### जिले के हैंडबॉल खिलाड़ियों का चयन इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता के लिए हुआ

**राजनांदगांव।** जिले की हैंडबॉल महिला खिलाड़ी उतरा धीवर, भूमि कोचर, पूर्वी ठाकुर,ज्योति मंडावी,सविता नारंग का चयन हेमचंद विश्वविद्यालय की टीम में हुआ जो कि मेघालय में 10 फरवरी से 14 फरवरी 2026 तक आयोजित ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में भाग लेंगी सभी खिलाड़ियों को राजनांदगांव हैंडबॉल खेल प्रेमियों की ओर से बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं । यह जानकारी जयेश मुदलियार ने दी।

### मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह 10 फरवरी को

**कांकेर, 9 फरवरी।** मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजनांतर्गत जिले के 251 बेटियों का विवाह सम्पन्न कराया जाएगा। गोविन्दपुर के शहीद शिवकुमार मंडावी खेल मैदान में आयोजित सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद श्री भोजराज नाग होंगे तथा अध्यक्षता विधायक कांकेर श्री आशाराम नेताम के द्वारा की जाएगी।

### मुख्य अभियंता श्री शर्मा रायगढ़ जिले के दौरे पर पहुंचे,निर्माणाधीन और संधारित सड़कों का गहन निरीक्षण किया

# पीएमजीएसवाई सड़कों की गुणवत्ता पर राज्य शासन सख्त, लापरवाही बर्दाश्त





**रायगढ़, 9 फरवरी ।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत निर्माणाधीन एवं संधारित सड़कों की गुणवत्ता को लेकर राज्य शासन ने स्पष्ट किया है कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता अथवा गुणवत्ता से समझौता कतई स्वीकार्य नहीं किया जाएगा। शासन की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत दोषी पाए जाने पर संबंधित ठेकेदारों एवं अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इसी क्रम में मुख्य अभियंता एवं राज्य गुणवत्ता समन्वयक श्री हरिओम शर्मा ने जिला रायगढ़ के विकासखण्ड धरमजयगढ़ में पीएमजीएसवाई अंतर्गत निर्माणाधीन एवं संधारणाधीन सड़कों का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं ठेकेदारों को निर्देश दिए गए कि सभी कार्य निर्धारित तकनीकी मापदंडों के अनुरूप, उच्च गुणवत्ता के साथ एवं समय-सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं। सड़क निर्माण एवं संधारण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता शासन की मंशा के विपरीत है और ऐसे मामलों में संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदारों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को कार्यों की सतत निगरानी रखने तथा ठेकेदारों को पूर्ण रूप से जवाबदेह बनाकर कार्य कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत जनमन योजना में निर्माणाधीन नकना से डुमरपारा (लंबाई 2.00 किमी) सड़क का विशेष रूप से निरीक्षण किया गया, जो निर्धारित मापदंडों के अनुरूप पाई गई। मुख्य अभियंता ने कहा कि ग्रामीण सड़कों की गुणवत्ता सीधे ग्रामीण जीवन स्तर से जुड़ी होती है। बेहतर सड़कें शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, कृषि उपज के परिवहन एवं अन्य मूलभूत आवश्यकताओं तक ग्रामीणों की सहज पहुंच सुनिश्चित करती हैं।

साथ ही पीएमजीएसवाई अंतर्गत चल रहे संधारण कार्यों का भी विस्तार से निरीक्षण किया गया। इसके अंतर्गत विकासखण्ड धरमजयगढ़ की धरमजयगढ़-कापु रोड टी-03 से अमृतपुर (4.11 किमी), लक्ष्मीपुर से बलपेंदा (13.00 किमी), टी-01 से टोनईनारा (2.15 किमी), रनपुर से गोहेसिलार (7.35 किमी) तथा कुम्हीचुंवा से चिखलापानी (1.20 किमी) सड़कों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान धरमजयगढ़-कापु रोड टी-03 से अमृतपुर सड़क में सुधार कार्य को लेकर संबंधित उप अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी करने एवं उक्त सड़क की संधारण अवधि छह माह बढ़ाने के निर्देश दिए गए। यह कार्रवाई शासन की जीरो टॉलरेंस नीति और जिला प्रशासन की सख्त कार्यप्रणाली को दर्शाती है।निरीक्षण के समय कार्यपालन अभियंता, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना धरमजयगढ़, सहायक अभियंता, उप अभियंता एवं संबंधित ठेकेदार उपस्थित रहे। जिला प्रशासन द्वारा सभी विकास कार्यों की नियमित समीक्षा एवं निगरानी की जा रही है, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ ग्रामीण जनता तक गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पहुंचे।

## राजिम कुंभ कल्प के मंच पर सजी लोक संस्कृति, स्थानीय कलाकारों ने मोहा मन




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजिम। राजिम कुंभ कल्प में स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मुख्य मंच के अलावा दो सहायक मंच बनाया गया है। जिसमें प्रतिदिन स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जा रही है, जिसे दर्शकों का भरपूर समर्थन मिल रहा है।

पुराने महोत्सव स्थल स्थित नदी मंच पर केजूराम साहू लफंदी द्वारा मानस गान की प्रस्तुति दी गई। रघुपति राघव राजा राम.. भजन की मधुर प्रस्तुति ने दर्शकों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। इसके पश्चात हेमंत साहू रावड़ ने मां के जसगीत की प्रस्तुत दी। गौकरण वर्मा (देउरगांव, साजा) ने जसगीत, धरमीन साहू (पंडरीपानी, छुरा) द्वारा रामायण की प्रस्तुति दी गई। सावन ध्रुव (झितरीढूमर) ने धार्मिक गीतों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।धनेश्वरी जैन (नर्मदा, नरहरपुर) ने पंडवानी के माध्यम से कृष्ण-अर्जुन संवाद को सरल एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। तेजराम बांधे (रोहिणा) द्वारा प्रस्तुत पंथी नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भावेश (उमरदा) ने सुवा गीत ÷तरी हरी नाना÷ सहित अन्य गीतों की प्रस्तुति देकर नदी मंच के दर्शकों को अंत तक बांधे रखा।

मुख्य मंच के समीप बने दूसरे स्थानीय मंच पर आदिवासी नृत्य की प्रस्तुति में नवलू राम नेताम (गरियाबंद) ने पारंपरिक वेशभूषा में शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। मिलाप बंजारे (कौंदकेरा) ने सतनाम भजन प्रस्तुत करते हुए गुरु घासीदास बाबा का स्मरण किया। पुरुषोत्तम यादव ने राउतनाचा के माध्यम से दोहों द्वारा सामाजिक संदेश दिए। गिरधर ध्रुव (कुसुमबुड़ा) के लोककला मंच ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। जगराता में ऐश कुमार साहू की सुंदर प्रस्तुति ने दर्शकों को पुनः मोहित किया। रोशन लाल सेन (तुलसी, बेमेतरा) ने पारंपरिक गीतों के माध्यम से संस्कृति से जोड़ने का प्रयास किया। कार्यक्रम के समापन पर लोकेश साहू द्वारा जगराता की प्रस्तुति दी गई। कलाकारों को स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनीक अधिकारियों द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन मनोज सेन एवं निरंजन साहू, किशोर निर्मलकर ने किया।

## पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने दुर्ग नगर निगम की टीम सक्रिय

**दुर्ग, 9 फरवरी।** नगर निगम। नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत जल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु एवं स्वच्छ पेयजल आपूर्ति हेतु लगातार कार्य किया जा रहा है। निगम द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर में चिन्हित बड़े लीकेज को निरंतर सुधार कार्य किया जा रहा है, जिससे आम नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।निगम क्षेत्र में स्थित 21 ओवरहेड टैंक, 9 संपवेल, 11, 24 एवं 42 एमएलडी क्षमता वाले फिल्टर प्लांट के सैडिमेंटेशन टैंक की सफाई का कार्य लगभग 80 प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। शेष कार्य होली के पूर्व पूर्ण किया जाने जा लक्ष्य है।

सभी टैंकों से जल आपूर्ति प्राप्त करने वाले अंतिम छोर के घरों तक नियमित रूप से पानी के सैंपल लिए जा रहे हैं, जिन्हें पीएचई विभाग को गुणवत्ता जांच हेतु नियमित रूप से भेजा जा रहा है। इसके साथ ही शहर के सभी हैंडपंपों के जल सैंपल भी लेकर उनकी गुणवत्ता की जांच की जा रही है।गुणवत्ता ठीक नही होने पर उसे तत्काल बंद कर आवश्यकता अनुसार उस जगह टैंकर से जल आपूर्ति किया जाएगा।

जल विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार गंदे पानी की लगभग 90 प्रतिशत शिकायतें हितग्राहियों के घरों तक जाने वाली पाइप लाइन के नाली से होकर गुजरने एवं लीकेज के कारण होती हैं। ऐसी शिकायत प्राप्त होते ही संबंधित लाइन को डिस्कनेक्ट कर हितग्राही को नई पाइपलाइन बिछाने हेतु सूचित किया जाता है।नगर निगम द्वारा दुर्ग निगम क्षेत्र में विभिन्न नालियों से गुजरने वाली पाइप लाइनों को हटाने के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया है, जिससे भविष्य में जल प्रदूषण की समस्या से स्थायी राहत मिल सके। तथा पाइन लाइन के कारण नालियों के जाम होने से गालियां एवं सड़को में गंदा पानी ओवरफ्लो होने की शिकायत से निजात मिल सके। नगर निगम नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु प्रतिबद्ध है और इस दिशा में कार्य लगातार जारी है।

### हरिशंकर साहू बने महासचिव, जागृति बनी महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष

**अंवरी, 9 फरवरी।** साहू समाज को संगठनात्मक रूप से और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से जिला साहू संघ धमतरी द्वारा नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। इसमें कुरूद ब्लॉक के सामाजिक कार्यकर्ताओं को अहम जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, जिससे समाजजनों में हर्ष और उत्साह व्याप्त है।

सरपंच संघ ब्लॉक कुरूद के वर्तमान अध्यक्ष एवं ग्राम खुरसेंगा के सरपंच हरिशंकर साहू को उनकी सक्रियता और समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए जिला साहू संघ धमतरी का महासचिव नियुक्त किया गया ।

## स्कूली बच्चों की प्रस्तुति के दौरान अमित शाह ने ताली बजाकर बढ़ाया उत्साह





**जगदलपुर, 9 फरवरी।** संभाग स्तरीय बस्तर पण्डुम 2026 के समापन समारोह में स्कूली बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह ने स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम की मुक्तकंठ से प्रशंसा की और ताली बजाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। समारोह में केंद्रीय गृहमंत्री के स्वागत में जगदलपुर के हजारों स्कूली बच्चों ने ÷ऐसा जादू है मेरे बस्तर में÷ गीत पर मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। बच्चों की भावपूर्ण और अनुशासित प्रस्तुति देखकर श्री अमित शाह भी भावविभोर हो उठे और उन्होंने बच्चों को ताली बजाकर प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम में बालिकाओं द्वारा मलखंभ प्रदर्शन भी किया गया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। केंद्रीय गृहमंत्री श्री शाह ने बच्चों की कला, अनुशासन एवं आत्मविश्वास की प्रशंसा करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा सहित अन्य अतिथियों ने भी बच्चों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उल्लेखनीय है कि ÷ऐसा जादू है मेरे बस्तर में÷ गीत को हिंदी एवं हल्बी बोली में रचा गया है। इसमें बस्तर की बादल अकादमी के कलाकारों ने अपनी आवाज और संगीत का योगदान दिया है। दायरा बैंड द्वारा इस गीत को आधुनिक संगीत के साथ नया स्वरूप प्रदान किया गया है, जिससे यह गीत युवाओं और बच्चों के बीच विशेष रूप से लोकप्रिय हो रहा है।

## सेजेस भखारा बन रहा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का केंद्र:ज्योति हरख



**अंवरी,9 फरवरी।** बिसाहू सिंह गौर शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेजेस भखारा में वार्षिक उत्सव एवं स्नेह समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति हरख जैन रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य श्री डी.के. चौधरी ने की।

ईश्वर साहू (अध्यक्ष शाला विकास समिति), विष्णु साहू (उपाध्यक्ष नगर पंचायत), मेघनाथ साहू (पार्षद), ममता चंद्राकर, डॉ. मोहन हरदेव बिंझवार राम साहू, खेमलता जीतेन्द्र साहू, परदेसी कंवर,छबिलाल निर्मलकर,हितेंद्र साहू, आदि पार्षद गण, चेतन साहू, वीरेंद्र साहू पूर्व शिक्षक गण सहित अनेक जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक, पालक, छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।मुख्य अतिथि श्रीमती ज्योति हरख ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास का मजबूत आधार होते हैं। सेजेस भखारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन एवं प्रतिभा निखारने का उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और खेलकूद गतिविधियों की मुक्त कंठ से सराहना की।उन्होंने परिवार, शाला का नाम रोशन करने बच्चों से आवाहन किया। पालकों से बच्चों से सतत संवाद की सलाह दी। उन्होंने पढ़ाई के लिए खूब मेहनत करने और नशापान से दूर रहने का आवाहन किया।कई वर्षों के उपरांत इस वर्ष विद्यालय में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट, अवार्ड पुरस्कार प्रदान किए गए। विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने नृत्य, संगीत, प्रसंग एवं नाटक की मनमोहक प्रस्तुतियाँ देकर दर्शकों का मन मोह लिया तथा सामाजिक संदेश भी दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डी.के. चौधरी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय का इतिहास बताया। उन्होंने जानकारी दी कि यह विद्यालय पूर्व में क्षेत्र का प्रमुख शैक्षणिक केंद्र रहा है। वर्तमान में यहाँ हिंदी माध्यम में नवमी से बारहवीं तथा अंग्रेजी माध्यम में पहली से बारहवीं तक की कक्षाएँ संचालित हैं। विद्यालय में 775 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

## आर्ट ऑफ लिविंग हैप्पीनेस का भखारा में आयोजन 17 से



**अंवरी,9 फरवरी।** आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन द्वारा मंगल भवन, भखारा वार्ड क्रमांक 15 में हैप्पीनेस प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 17 फरवरी से 22 फरवरी 2026 तक आयोजित होगा। कार्यक्रम का समय प्रतिदिन सुबह 6.00 बजे से 8.30 बजे तक निर्धारित किया गया है। इस कार्यक्रम की विशेषता विश्वप्रसिद्ध सुदर्शन क्रिया है, जिसे ओस्लो विश्व विद्यालय द्वारा प्रमाणित किया गया है तथा यह विश्व के 180 से अधिक देशों में सफलतापूर्वक संचालित की जा रही है। सुदर्शन क्रिया को एक प्रभावी डिटॉक्सिफिकेशन प्रक्रिया के रूप में जाना जाता है।

नियमित अभ्यास से प्रतिभागियों को कार्यक्षमता, ऊर्जा एवं उत्साह में वृद्धि, रोग प्रतिरोधक क्षमता में सुधार, तनाव से मुक्ति, क्रोध पर नियंत्रण तथा सकारात्मक सोच जैसे अनेक लाभ प्राप्त होते हैं। इसके साथ ही फेफड़ों की क्षमता में वृद्धि होकर मानसिक शांति एवं प्रसन्नचित्त जीवन शैली का विकास होता है।कार्यक्रम के दौरान योग, प्राणायाम एवं ध्यान की भी विधिवत जानकारी एवं अभ्यास कराया जाएगा। आयोजन समिति के हिरेन्द्र साहू, बसंत बैस, विजय सोन, डॉ बनपेला, घनश्याम वर्मा, वीरेंद्र बैस, जितेंद्र तेलासी, गोविन्द यादव, लीलाधर साहू, पार्षद गौतमी नोहरू पटेल आदि ने अधिक से अधिक लोगों से इस स्वास्थ्यवर्धक एवं जीवन परिवर्तनकारी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सहभागिता करने की अपील की है।इच्छुक प्रतिभागी ऑनलाइन पंजीयन लिंक द्धह्लह्लश्चह्य-//ड्डश्चद्यह्ल.द्वठ्ठ/948217 के माध्यम से अपना नामांकन कर सकते हैं।सुदर्शन क्रिया पर किए गए शोध एवं अनुभवों से संबंधित जानकारी आर्ट ऑफ लिविंग की आधिकारिक वेबसाइट एवं यूट्यूब चैनल पर भी उपलब्ध है।

### निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय-सीमा में पूर्ण कराएं : कलेक्टर

**कोरबा 9 फरवरी ।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला खनिज संस्थान न्यास ,डीएमएफ के अंतर्गत संचालित कार्यो सहित ग्रामीण पंचायत विभाग की प्रमुख योजनाओंकृप्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, पीएम जनमन आवास, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन की विस्तृत समीक्षा की।

समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में संचालित समस्त निर्माण कार्यो को उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

## कुंभ कल्प मेला के आठवें दिन राजिम कुंभ कल्प में उमड़ी भीड़ से बढ़ी मेले की बढ़ी रौनक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम,9 फरवरी।** राजिम कुंभ कल्प मेला की रौनक अपने चरम पर पहुंच गई है। माघ पूर्णिमा 1 फरवरी से प्रारंभ हुए राजिम कुंभ कल्प मेला के आठवें दिन रविवार को त्रिवेणी संगम एवं नवीन मेला मैदान में श्रद्धालुओं और मेलार्थियों का सैलाब उमड़ पड़ा। शनिवार और रविवार को अवकाश होने के कारण अन्य दिनों की तुलना में भीड़ कहीं अधिक रही, जिसकी झलक शनिवार से ही देखने को मिली।

देश-प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पुण्य स्नान कर भगवान श्रीराजीवलोचन एवं पंचमुखी कुलेश्वरनाथ महादेव के दर्शन किए। इस दौरान संगम तट से लेकर मेला क्षेत्र तक श्रद्धा, आस्था और उत्साह का माहौल देखने को मिला। कुंभ कल्प मेला क्षेत्र में त्रिवेणी संगम स्नान, मंदिर दर्शन, लक्ष्मण झूला, मीना बाजार, सांस्कृतिक मंच, मुख्य महोत्सव मंच, संभागीय सरस मेला, चारधाम यात्रा, राम वनगमन पथ, शासकीय स्टॉल, साधु-संतों की कुटिया, यज्ञशाला एवं भोग-भंडारा श्रद्धालुओं के प्रमुख आकर्षण बने रहे। दिनभर हजारों की संख्या में श्रद्धालु मेला क्षेत्र में घूमते नजर आए और जमकर खरीदारी भी की।

### शासकीय योजनाओं की प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र

राजिम कुंभ कल्प मेला तीन जिलों की सीमा क्षेत्र में आयोजित किया जा रहा है। लोमस ऋषि आश्रम के समीप कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर क्षेत्र में धमतरी जिला प्रशासन द्वारा शासकीय स्टॉल लगाए गए हैं, जहां राज्य शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी दी जा रही है। इसी तरह रायपुर एवं गरियाबंद जिलों द्वारा भी विभिन्न विभागीय प्रदर्शनी लगाई गई है, जिसे देखने बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं।

सुरक्षा के कड़े इंतजाम, सीसीटीवी से चप्पे-चप्पे पर नजर-श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। पूरे मेला क्षेत्र में एक हजार से अधिक पुलिस बल तैनात किए गए हैं। त्रिवेणी संगम से लेकर नवीन मेला मैदान चौबेबंधा राजिम तक फैले मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद है। गतिविधियों पर नजर रखने के लिए विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। मंदिर परिसर में भी सीसीटीवी की विशेष व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अलग-अलग स्थानों पर पार्किंग की समुचित व्यवस्था की गई है।

### तीन मंचों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की धूम

राजिम कुंभ कल्प मेला में इस वर्ष सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए तीन अलग-अलग मंच बनाए गए हैं। मुख्य मंच पर देश के प्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रस्तुतियां दे रहे हैं, वहीं नवीन मेला क्षेत्र के स्थानीय मंच और पुराने महोत्सव स्थल नदी मंच पर प्रदेश के कलाकार छत्तीसगढ़ की लोककला, लोकगीत, लोकसंगीत और लोकनृत्य से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं। कलाकारों को मिल रहे उत्साहपूर्ण प्रतिसाद से मेला परिसर उल्लास से सराबोर नजर आ रहा है।

### महानदी की महाआरती की गई संगम तट पर

त्रिवेणी संगम में प्रतिदिन भव्य महानदी महाआरती का आयोजन किया जा रहा है, जिसे गंगा आरती के नाम से भी जाना जाता है। साध्वी प्रज्ञा दीदी के मुखारविंद से प्रतिदिन शाम 7 बजे महाआरती संपन्न हो रही है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस आरती में शामिल होकर आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति कर रहे हैं, जिससे मेला क्षेत्र में धार्मिक वातावरण और अधिक प्रबल हो गया है।

नवीन मेला मैदान में इस बार दो स्पेशल मीना बाजार लगाए गए हैं, जो मेलार्थियों के लिए विशेष आकर्षण बने हुए हैं। लगभग 8 एकड़ में फैले मीना बाजारों में आकर्षक झूले, क्राफ्ट बाजार, मौत का कुआं, जलपरी शो, जंगल के जानवरों की प्रदर्शनी एवं वैष्णोदेवी झांकी लोगों को खासा लुभा रही है।वहीं आजीविका मिशन के तहत आयोजित संभागीय सरस मेला में बिहान समूह की दीदियों द्वारा शुद्ध एवं ताजा सामग्री का विक्रय किया जा रहा है। जिले के महिला स्व-सहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है। बिहान दीदियों का कहना है कि यह योजना उनके लिए वरदान साबित हो रही है और उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान कर रही है।

# ट्रक ने ट्रक को मारी टक्कर, रिंग रोड पर ट्रैफिक जाम



**रायपुर 9 फरवरी।** रिंग रोड नंबर एक पर वाहनों को लेकर जा रहा ट्रक ऊंचाई के कारण सड़क किनारे खड़ा हुआ था तभी तेज रफ्तार तेलंगाना पासिंग एक 16 चक्का ट्रक ने अनियंत्रित होकर पीछे से टक्कर मार कर वह डिवाइडर से टकराया। इसके कारण टाटीबंध से तेलीबांधा जाने वाले रोड पर ट्रैफिक जाम हो गया था। यातायात पुलिस एवं थाना पुलिस ने तीन क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को सड़क किनारे किया । इस दुर्घटना में ठोकर मानने वाले ट्रक को बहुत ज्यादा आर्थिक नुकसान हुआ है गनिमत यह रही कि इस दुखद घटना में किसी किस्म की जन हानि नहीं हुई है। बाद में पुलिस ने यातायात को बहाल कर दिया।

# चलती कार में आग, लोगों ने कूदकर बचाई जान

**रायपुर 9 फरवरी।** राजधानी के तेलीबांधा इलाके में रविवार रात एक चलती कार आग का गोला बन गई. लोगों ने आनन-फानन में कार से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई. बीच सड़क कार में आग लगने से राहगीरों में हड़कंप मच गया. सूचना पर पुलिस और दमकल टीम मौके पर पहुंची. घटना का वीडियो भी सामने आया है. जानकारी के अनुसार, रिंगरोड में अग्रसेन चौक के पास चलती सुमो ग्रैंड में आग लगी. कार सवार सभी लोग झारखंड के निवासी हैं. दमकल वाहन मौके पर पहुंचने से पहले आग ने कार को पूरी तरह से चपेट में ले लिया था. आवाजाही को प्रभावित होने से बचाने के लिए पुलिस अमले ने दमकल की मदद से आग को बुझाने के बाद ट्रैफिक दुरुस्त किया.

तेलीबांधा मार्ग पर कार में आग लगने की वजह का पता नहीं चल पाई है. थाने से मिली जानकारी के अनुसार, वाहन



झारखंड पासिंग का है. घटना में किसी भी व्यक्ति के हताहत होने की जानकारी नहीं है।

# भारत अमेरिका डील से भारत के हर नागरिक को होगा फायदा : संजय

**रायपुर 9 फरवरी।** नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने कहा कि भारत ने अमेरिका से जो डील फाइनल की है, वह भारत के सभी पड़ोसियों के मुकाबले सबसे बढ़िया डील है। इस डील से भारत के हर नागरिक को फायदा होगा। महीनों से हमारी टीम अमेरिकी अधिकारियों के साथ बातचीत कर रही थी।

श्रीवास्तव ने कहा कि कई सारे जटिल विषय थे, कई सारी समस्याएं थी, भारत पर 50 प्रतिशत रेसिप्रोकल टैक्स लगा हुआ था। फिर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा एग्रीकल्चर और डेयरी को संभाला है। उन्होंने इस क्षेत्र में मौके और आमदनी बढ़ाने के लिए काम किया है। कभी उन्होंने इन लोगों के हितों से समझौता नहीं होने दिया। यूएस ट्रेड डील में भी भारत के सेंसेटिव सेक्टर यानी एग्रीकल्चर और डेयरी को संरक्षित किया गया है। श्रीवास्तव ने कहा कि आईटी सेक्टर, ऑटो कम्पोनेंट्स सेक्टर से जुड़े लोग जो अभी निर्यात करते हैं या आगे करना चाहते हैं, उन सभी को इस डील से लाभ होगा। अमेरिका से हाई क्वालिटी टेक और इन्वेस्टमेंट भारत आएगा। साथ ही लेबर इंटेंसिव सेक्टर के लिए कई मौके



खुलेंगे। इससे टेक्सटाइल, फुटवियर, प्लास्टिक, अपैरल, होम डेकोर, जेम्स एंड ज्वेलरी, मशीनरी और एयरक्राफ्ट कॉम्पोनेंट सेक्टर को फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ ट्रेड डील में भारत कृषि और डेयरी जैसे संवेदनशील सेक्टर में अपने हितों की रक्षा करने में कामयाब रहा है। भारत-अमेरिका व्यापार समझौता, विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के लिए पहलों को बढ़ावा देने में मदद करेगा।

# जी राम जी से ग्लोबल वार्मिंग को रोकने में मदद मिलेगी: अशोक बजाज

■ विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन पर कार्यशाला

**रायपुर 9 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा ग्रामीण भारत की तकदीर व तस्वीर बनाने के लिए लागू की गई विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन योजना के खिलाफ कांग्रेस के नेता जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर तो बढ़ेंगे ही तथा गांव-गांव में आधारभूत संरचना विकसित होगी।श्री बजाज ने उक्त उदगार भाजपा द्वारा नवापारा में विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन पर आयोजित एकदिवसीय कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि जी रामजी योजना से जल संरक्षण एवं संवर्धन के साथ-साथ ग्लोबल वार्मिंग की गति को रोकने में मदद मिलेगी। श्री बजाज ने कहा वैश्विक तापमान में बढ़ोतरी पूरी दुनिया के लिए गंभीर समस्या बनी हुई है इससे जनजीवन




पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है इससे दुनिया के सारे देश चिंतित है तथा अपने-अपने स्तर पर इसे रोकने का प्रयास कर रहें है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी राम जी योजना लागू कर वैश्विक तापमान को रोकने की दिशा में ठोस कदम बढ़ाया है। श्री बजाज ने उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों से नदी - नालों, सड़कों के किनारे तथा तालाब के तट पर वृहद वृक्षारोपण के साथ साथ गांव की पड़त भूमि में बाग- बगीचा व छोटे जंगल विकसित करने की कार्य योजना तैयार करें। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से कांग्रेस के आरोपों का करारा जवाब दे।

# दूरदर्शन पर 10 से होगा रायपुर साहित्य महोत्सव का प्रसारण

**रायपुर 9 फरवरी।** साहित्य महोत्सव के तीन दिवसीय आयोजन का दूरदर्शन पर प्रसारण कल 10 फरवरी से प्रारंभ होगा। यह विशेष कार्यक्रम 'साहित्य पर्व' शीर्षक से दूरदर्शन पर प्रसारित किया जाएगा। कार्यक्रम का प्रसारण 10, 12, 15, 17, 19 एवं 22 फरवरी को शाम 3.30 बजे किया जाएगा। दर्शक इस कार्यक्रम को टाटा प्ले चैनल नंबर 1174, डीडी फ्री डिश तथा डीडी छत्तीसगढ़ चैनल पर पूरे देश में देख सकेंगे। इसके अलावा यह कार्यक्रम डीडी छत्तीसगढ़ के ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध रहेगा। मोबाइल उपयोगकर्ता इसे 'WAVES' एप के माध्यम से भी देख सकते हैं, जिसे एप्पल स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। 'साहित्य पर्व' का निर्माण जनसंपर्क विभाग के सहयोग से इरा फिल्म्स द्वारा किया गया है। इस प्रसारण के माध्यम से रायपुर साहित्य महोत्सव के प्रमुख सत्रों, चर्चाओं और साहित्यिक प्रस्तुतियों को देशभर के दर्शकों तक पहुंचाया जाएगा।

# बीजेपी के विकास का ढोल फटा: विकास उपाध्याय



**रायपुर 9 फरवरी।** पूर्व संसदीय सचिव एवं छाया सांसद रायपुर लोकसभा विकास उपाध्याय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में बीजेपी 3 इंजन सरकार पूरे तरीके से फेल हो गई है मंच पर विधायक राजेश मूणत के सामने उनके 4 पार्षदों की लिखित में आम जनता द्वारा शिकायतें आ रही है इनका झूठा विकास कार्य का ढोल फट चुका है । जनता इतनी त्रस्त हो गई है कि आने वाले दिनों में सड़कों पर बीजेपी के जनप्रतिनिधियो का विरोध करेंगी बीजेपी विज्ञापनों पर जो जो झूठा आंकड़ा पेश कर वाहवाही लूटने का काम करती है उस झूठ से पर्दा उठ गया है। विकास ने कहा कि विधायक जी को भी दिखावे के लिए अधिकारियों को बोलना पड़ गया जबकि सच्चाई यह है कि उनको अगर जनता की चिंता होती तो यह स्थिति निर्मित ही नहीं होती। लगातार रायपुर में देखने को मिल रहा है कि जनता की जो मिल भूत सुविधाएं है वह तक इस 3 इंजन की सरकार में नहीं मिल पा रही है चाहे वह पानी की बात हो या बिजली की बात हो या फिर साफसफाई की।

# आबकारी भवन में आग लगने का मतलब दाल में कुछ काला है: कांग्रेस

**रायपुर 9 फरवरी।** ऑडिट के पहले आबकारी भवन लाभांडी में लगी आग को भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार छिपाने षड्यंत्र करार देते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा भाजपा सरकार के दो साल में बेहिसाब शराब घोटाला हुआ है। मिलावटी शराब, खराब क्वालिटी का शराब, प्लेसमेंट कम्पनियों की गड़बड़ियां, राजस्व की बड़ी चोरी हुई है।जो ऑडिट में जनता के सामने उजागर होता इसे बचने के लिये ऑडिट के पहले आबकारी विभाग की तीसरी मंजिल में आग लगा दी गई ताकि ऑडिट के लिए रखी दसतावेज जलकर खाक हो जाये और भ्रष्टाचार के सबूत नष्ट हो जाये।ये गम्भीर मामला है इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिये।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा डबल इंजन की सरकार में हर विभाग में भारी गड़बड़ियां हो रही है।अभी कुछ दिन पहले रायपुर डीओ ऑफिस में भी आग लगी थी जिसमे महत्पूर्ण दसतावेज जलकर खाक हो गये।इसके पहले गुढ़ियारी में बिजली विभाग के करोड़ो रूपया का ट्रांसफार्म जलकर खाक हो गया था उसकी जांच रिपोर्ट भी संदिग्ध थी जिम्मेदारों पर अब तक कोई कार्यवाही नही हुई है।अब आबकारी विभाग में भी आगजनी हो गई।ये सब घटनाये ऑडिट के पहले ही हो रही है। आगजनी की घटना को दुर्घटना बताकर भ्र्ष्टाचार के सबूत मिटाये जा रहे है।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि साल के आखिर में विभागीय ऑडिट होती है जिसकी जानकारी सदन के बजट सत्र में रखी जाती है ऐसे में भ्र्ष्टाचार छिपाने गड़बड़ियों पर पर्दा करने आगजनी की घटनाये हो रही है इसे शार्ट सर्किट बताकर जनता का ध्यान गड़बड़ियों से हटाया जाने का षडयंत्र रचा जा रहा है।भाजपा सरकार शराब की काली कमाई कर रही है।और सरकारी दफ्तरों में आग लगवा रही है।

## अमित शाह नक्सलवाद पर राजनीति कर रहे : शुक्ला

रायपुर 9 फरवरी । नक्सलवाद के मामले में देश के गृह मंत्री अमित शाह ने राजनैतिक विद्वेष के कारण गलत बयानी किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने



कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री को गलत बयानी शोभा नहीं देती। जब कांग्रेस की सरकार थी तब अपने हर दौरे में वे नक्सल नियंत्रण के मामले में भूपेश सरकार की तारीफ करते थे। आंकड़े बताते है कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार के दौरान नक्सली घटनाओं में कमी आई थी। स्वंय अमित शाह ने छत्तीसगढ़ में आकर 5 अप्रैल 2021 को मीडिया में बयान दिया था कि राज्य की भूपेश सरकार और केन्द्र सरकार ने मिलकर नक्सलवाद को पीछे खदेड़ दिया है। राज्य में नक्सली घटनाओं में 80 प्रतिशत तक की कमी आई है। अमित शाह के सामने आरपीएफ के डीजीपी ने कहा था छत्तीसगढ़ में नक्सलवादी पैकअप की ओर है। आज गृहमंत्री की कांग्रेस सरकार के प्रयासो पर ऊंगली उठा रहे। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कांग्रेस की सरकार बनने के बाद विश्वास विकास सुरक्षा के मूल मंत्र से नक्सलवादी घटनाओं और नक्सलवाद पर कमी आई थी। कांग्रेस की सरकार के समय दूरस्थ क्षेत्रों में कैंप बनाये गये पहुंच मार्ग बनाये गये। अबूझमाड़ में दो पुल बनाया गया। 300 से अधिक स्कूलों को खोला गया, राशन दुकान, अस्पताल खोला गया, 67 से अधिक वनोपजों की खरीदी की गयी। लोगो का भरोसा सरकार और सुरक्षा बलो के प्रति बढ़ा था। नक्सलवाद पर प्रभावी नियंत्रण हुआ था। 600 से अधिक गांव नक्सल मुक्त हुये थे, नक्सली केवल बीजापुर के कुछ ब्लाक और अबूझमाड़ तक सिमट गये थे।

# कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष लेंगे आत्मानंद स्कूलों का जायजा

**रायपुर 9 फरवरी।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की वास्तविक स्थिति, सुविधाओं एवं संचालन की गुणवत्ता का प्रत्यक्ष निरीक्षण करने हेतु रायपुर ग्रामीण जिले के विभिन्न ब्लॉकों में दौरा कार्यक्रम निर्धारित किया है।

यह दौरा 11 फरवरी से प्रारंभ होकर विभिन्न ब्लॉकों में क्रमवार आयोजित किया जाएगा, जिसमें जिला अध्यक्ष जी स्वयं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों, मंडल अध्यक्षों, वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ स्कूलों का भ्रमण करेंगे।

दौरे के दौरान निम्नलिखित मुख्य बिंदुओं पर जांच एवं मूल्यांकन किया जाएगा। स्कूल में उपलब्ध सुविधाओं (लाइब्रेरी, कंप्यूटर लैब, विज्ञान प्रयोगशाला, खेल मैदान, शौचालय, पेयजल आदि) का वास्तविक निरीक्षण। मैनेजमेंट एवं संचालन की स्थिति, जिसमें शिक्षकों की उपस्थिति, संविदा शिक्षकों की समस्याएं, अनुशासन एवं शिक्षण गुणवत्ता शामिल।बच्चों द्वारा ट्रांसफर सर्टिफिकेट (टीसी) लेने के कारणों का अध्ययन। इंफ्रास्ट्रक्चर (भवन, मरम्मत कार्य, बिजली-पानी व्यवस्था, रखरखाव) की सच्चाई का आकलन ड्ड फोटो एवं वीडियो सहित विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी। दौरा के दौरान जिला अध्यक्ष श्री राजेंद्र पप्पू बंजारे एवं कांग्रेस टीम अभिभावकों, छात्रों एवं शिक्षकों से सीधी बातचीत कर स्कूलों की वास्तविक स्थिति का जायजा लेगी। यदि कोई कमी या समस्या पाई जाती है, तो कांग्रेस पार्टी सुधार हेतु आवश्यक मांगें उठाएगी तथा मीडिया एवं सोशल मीडिया के माध्यम से जनता के समक्ष रखेगी। यह अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने एवं आम जनता के बच्चों को बेहतर अवसर प्रदान करने की दिशा में कांग्रेस पार्टी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# कक्षा 10 वीं और 12 वीं बोर्ड परीक्षाओं की फीस में बढ़ोतरी

**रायपुर 9 फरवरी।** छत्तीसगढ़ में 10वीं और 12वीं के छात्रों के लिए बोर्ड परीक्षाओं का सफर अब थोड़ा महंगा होने वाला है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) ने लगभग 5 साल के लंबे अंतराल के बाद विभिन्न शुल्कों में भारी बढ़ोतरी का फैसला लिया है। 2021 के बाद अब सीधा 2026 में हुए इस बदलाव का असर लाखों विद्यार्थियों की जेब पर पड़ेगा। माशिमं की कार्यपालिका समिति की बैठक में कुल 22 अलग-अलग मदों में शुल्क बढ़ाने को हरी झंडी दी गई है। नियमित परीक्षार्थियों के लिए अब परीक्षा शुल्क, अंकसूची और प्रैक्टिकल फीस का कुल बोझ लगभग दोगुना हो गया है।

आरक्षित वर्ग और अन्य राज्यों के छात्र भी प्रभावित शुल्क वृद्धि की मार केवल नियमित छात्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वाध्यायी और राज्य के बाहर के छात्रों के लिए भी आंकड़े बदल गए हैं:

**अन्य राज्यों के छात्र :**बाहरी राज्यों और नए पंजीयन कराने वाले छात्रों को अब 1,540 रुपये के बजाय 2,000 रुपये खर्च करने होंगे। मंडल का कहना है कि प्रशासनिक खर्चों और परीक्षा के सफल संचालन में आने वाली लागत बढ़ने के कारण यह वृद्धि अनिवार्य हो गई थी। हालांकि, अभिभावक और छात्र संगठनों ने इस पर नाराजगी जतानी शुरू कर दी है।

## असम के विकास के लिए मोदी और हिमंता का नेतृत्व जरूरी: साव

**रायपुर 9 फरवरी।** असम में भाजपा की ओर से अरूण साव ने भी चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि असम में मोदी के नेतृत्व में विकास हो रहा है इसलिए एक बार भाजपा की मजबूत सरकार बनाना है। उन्होंने यहां पर साहू समाज सहित अन्य वर्गों के साथ संपर्क किया।प्रचार के लिए भेजा जा रहा है कांग्रेस की ओर से भूपेश बघेल और पर्यवेक्षक विकास उपाध्याय बनाये गये है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज अपने तीन दिवसीय असम प्रवास के दूसरे दिन लखीमपुर क्षेत्र के भीमपारा में एक भव्य जनसभा को संबोधित किया। श्री साव ने कहा कि असम की जनता ने विकास और सुशासन के पक्ष में अपना मत देकर विकास को चुना और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के विजन पर मुहर लगाया। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा जी के कुशल नेतृत्व में असम का विकास भारत की प्रगति में बड़ा स्थान रखता है, जनता का विश्वास मोदी जी और हिमंता जी के साथ है। डिप्टी सीएम साव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, मैं जनता का मन पढ़ना जानता हूं, असम कह रहा है एक बार फिर भाजपा सरकार।

**बजट-2026-27** | **व्यापारी संवाद में बोले केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल**

# केंद्रीय बजट में छग के व्यापारियों के लिए अनेक अवसर: मनोहर लाल

**रायपुर 9 फरवरी।** केन्द्रीय ऊर्जा, आवासन और शहरी विकास कार्य मंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि केन्द्र सरकार के संसद में प्रस्तुत बजट-2026-27 से छत्तीसगढ़ को भी अनेक लाभ होने जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ के 32 रेल्वे स्टेशन अब एयरपोर्ट की तर्ज पर विकसित होंगे। छत्तीसगढ़ का रेल्वे बजट ऐतिहासिक रूप से बढ़ाकर 7,470 करोड़ रुपए कर दिया गया है जिससे छत्तीसगढ़ में चल रही 54 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं को एक बड़ा बल मिलेगा। छत्तीसगढ़ में माइनिंग कॉरिडोर से निवेश, उद्योग-व्यापार और रोजगार की सम्भावनाओं में वृद्धि होगी। केन्द्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल रविवार को राजधानी में प्रदेश के प्रमुख उद्योगपतियों, व्यापारियों व बुद्धिजीवियों से केन्द्रीय बजट के परिप्रेक्ष्य में आहूत 'बजट सम्वाद' कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।

केन्द्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के गाँव-गाँव में रहने वाली महिलाओं को 'शी-मार्ट' के माध्यम से अपने उत्पाद को न सिर्फ बेचने, बल्कि उसकी ब्राण्डिंग करने और आर्थिक रूप से सशक्त होने में मदद मिलेगी। केन्द्र सरकार ने लगातार व्यापारी हित में अनेक कार्य किए हैं। इनमें टैक्स के कम्प्लाइन्स को कम करना हो, टैक्स की दरों को कम करना हो, या फिर कई जटिल कानूनों को हटाना हो, केन्द्र सरकार इसमें पीछे नहीं रही है। इस बार भी एमएसएमई सेक्टर में 10 हजार करोड़ रु. की मदद व्यापारियों के लिए बहुत ही मददगार साबित होगी। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि गल्ती होने पर जेल जाने के प्रावधान हटाए जाने से भी व्यापारियों को आत्मविश्वास बढ़ेगा। लखपति दीदी के विस्तार से भी छत्तीसगढ़ की महिलाओं को भी इसका लाभ मिलेगा।

केन्द्रीय मंत्री ने अपने सम्बोधन की शुरुआत में बजट बनाने की प्रक्रिया को लेकर अपने दो बार के मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री कार्यकाल के अनुभवों को विस्तार से साझा किया और बताया कि सबसे पहले बजट इस्टीमेट, फिर रिवाइज इस्टीमेट और अंत में सप्लीमेंट्री बजट अलोकेशन होता है। इस बजट अलोकेशन में शुरुआती बजट इस्टीमेट और ओवरआल एक्चुअल अलोकेशन जो होता है, उसमें यदि 90 प्रतिशत राशि कोई विभाग खर्च कर ले, तो यह माना जाता है कि प्रशासनिक व्यवस्था लगभग ठीक चल रही है, योजना का क्रियान्वयन जमीन पर हुआ है। केन्द्रीय मंत्री ने बजट के तीन कर्त्तव्यों का जिक्र करते हुए कहा कि पहला, बजट में इकॉनॉमिक ग्रोथ के तहत कैपेक्स और इन्फ्रास्ट्रक्चर बिल्डिंग पर जोर दिया गया है। दूसरा, यह जन-अपेक्षाओं पर खरा उतरने वाला बजट है, और तीसरा कर्त्तव्य सबका साथ-सबका विकास है ताकि सभी समुदायों व वर्गों को संसाधनों का पूरा लाभ मिले।

केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू ने कहा कि जब व्यक्तिगत लाभ की योजनाएँ ज्यादा चलती हैं, तो व्यक्ति को सरकारों से सीधा लाभ मिलता है, लेकिन उससे इकॉनॉमी में पैसै और संसाधनों का सर्कुलेशन ज्यादा नहीं होता। जब किसी योजना में सरकार पैसै डालती है तो इकॉनॉमी में पैसे का सर्कुलेशन ज्यादा समय तक रहता है और इकॉनॉमी ग्रो करती है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने केन्द्र सरकार के सभी मंत्रालयों द्वारा विकसित भारत की तरफक्रियान्वित की जा रही योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह बजट विकसित भारत की अवधारणा से जुड़ा हुआ है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि केन्द्र सरकार के इस बजट में अनेक सुधारात्मक उपायों पर जोर दिया गया है जिससे व्यापारियों व अन्य वर्गों का सरकार से रिश्ता सहज-सरल हो।

कार्यक्रम का संचालन बजट समिति के सदस्य और बजट सम्वाद कार्यक्रम के प्रभारी अमित चिमनानी ने किया। कार्यक्रम में विधायक त्रय राजेश मूणत, सुनील सोनी व मोतीलाल साहू, प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, रायपुर शहर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुभाष अग्रवाल, आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शिव चन्द्राकर, सहित बड़ी संख्या में चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स, कैट, सीए एसोसिएशन ऑफ इण्डिया, व्यापारी जनों, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की उपस्थिति रही। इस मौके पर चेम्हर ऑफकॉमर्स के एक प्रतिनिधि मण्डल ने केन्द्रीय मंत्री को अपना सुझाव पत्र सौंपा।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26